Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 227 | मंगलवार, 19 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## अंतरिक्ष के मैदान से भी लड़े जाएंगे युद्ध



**वॉशिंगटन।** 21वीं सदी में युद्ध केवल भूमि, समुद्र और वायुसेना के साथ ही नहीं, बल्कि साइबरस्पेस और अंतरिक्ष में भी लड़े जाएंगे। बिना एक भी गोली चलाए केवल सेटेलाइट को निष्क्रिय कर भी दुश्मन पर कहर बरपाया जा सकता है। सेटेलाइट के सुरक्षा सॉफ्टवेयर को निशाना बनाकर या पृथ्वी से संकेत भेजने या प्राप्त करने की उसकी क्षमता बाधित कर दुश्मनों को घुटने टेकने पर मजबूर किया जा सकता है। इसी वर्ष रूस ने सेटेलाइट का इस्तेमाल कर यूक्रेन के खिलाफ मनोवैज्ञानिक युद्ध भी लड़ा। दरअसल रूस ने इस वर्ष जब अपने विजय दिवस परेड का आयोजन किया, तब क्रेमलिन समर्थक हैकरों ने उस सेटेलाइट को हाइजैक कर लिया जिसकी मदद से यूक्रेन में लोगों को टेलीविजन सेवा मिलती है।

## मुंबई में मूसलाधार बारिश



**मुंबई।** मुंबई में पिछले तीन दिन से हो रही मूसलाधार बारिश की तीव्रता आज कोंकण, मराठवाड़ा और पश्चिम महाराष्ट्र में भी पहुंच गई। नांदेड़ में एक बांध टूट जाने से पांच लोग बह गए हैं। मुंबई के चेंबूर में एक पहाड़ी पर बनी सुरक्षा दीवार ढह जाने से दो घर गिर गए, लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक ऐसी ही मूसलाधार बरसात जारी रहने की संभावना जताई है। मुंबई में 15 अगस्त की रात से ही रुक-रुककर तेज बारिश का दौर जारी है। रविवार रात में बरसता का तीव्रता कम थी। लेकिन सोमवार सुबह आठ बजे के बाद से पूरे दिन तेज बारिश होती रही। सुबह बरसात कम होने के कारण सुबह की पाली के स्कूल-कॉलेज खुले थे।

## आर्थिक सलाहकार परिषद की बैठक में बोले पीएम मोदी

# 'तेजी से आर्थिक सुधार के लिए सरकार प्रतिबद्ध'

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की ओर से भारत के निर्यात पर लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ के बीच सोमवार को आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी) की बैठक की। सूत्रों के हवाले से सामने आई जानकारी के अनुसार इस बैठक के दौरान अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। पीएम ने आर्थिक मुद्दों के वरिष्ठ जानकारों के साथ अर्थव्यवस्था के तमाम पहलुओं पर मंथन किया। इस बैठक से जुड़ी अपडेट्स जानिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तेजी से आर्थिक सुधार के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। देश में अगली पीढ़ी के सुधार लागू किए जा रहे हैं। हर क्षेत्र में सुधार किए जाएंगे। इनसे जीवन सुगम होगा। कारोबार करना आसान होगा और देश में समृद्धि



आएगी। सुधारों का रोडमैप तैयार करने के लिए पीएम मोदी ने सोमवार को अपनी आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी) की बैठक में विचार-विमर्श किया। इसमें वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री आवास पर करीब ढाई घंटे चली बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और पंचायतीराज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह भी मौजूद रहे। यह सुधार ऐसे समय किए जा रहे हैं, जब अमेरिका भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा चुका है। अगली पीढ़ी के सुधारों का एलान पीएम मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में भी किया था। पीएम मोदी ने जीएसटी कानूनों में बदलाव के लिए टास्क फोर्स बनाने की भी घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि इससे लोगों पर टैक्स का बोझ कम होगा। इससे जनता को तो सीधा लाभ होगा ही, देश में आर्थिक गतिविधियां भी तेज होंगी। जीएसटी 2.0 के मसौदे में 5 फीसदी और 18 फीसदी दो ही प्राथमिक स्लैब रहेंगे। बैठक में यह भी तय हुआ अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ थोपे जाने के बावजूद भारत झुकेगा नहीं। सरकार ने स्थिति से निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। टैरिफ के दायरे में आने वाली वस्तुओं के लिए नए बाजार तलाश करने की रणनीति बनी। यह भी चर्चा हुई कि अमेरिका के खिलाफ जवाबी टैरिफ लगाने के बदले कूटनीतिक रास्ता तलाशा जाए। तय हुआ कि भारत किसी भी सूरत में डेयरी और कृषि क्षेत्र को अमेरिका के लिए नहीं खोलेगा। यह भी तय हुआ कि रूस से तेल आयात बंद नहीं किया जाएगा।

### सरकार दे सकती है मदद

सूत्रों ने बताया, टैरिफ से जिन क्षेत्रों के निर्यात पर असर पड़ेगा, उन्हें संभालने के लिए सरकार मदद दे सकती है। बैठक ऐसे समय में हुई है, जब प्रभावित क्षेत्रों के लिए नए बाजारों की तलाश शुरू हो गई है।

## मनिका विश्वकर्मा के सिर सजा मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 का ताज



**नई दिल्ली।**

राजस्थान के जयपुर में हो रहे मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 का विजेता चुन लिया गया है। इस प्रतियोगिता का ताज मनिका विश्वकर्मा के सिर सजा है। मनिका मूल रूप से राजस्थान के गंगानगर की रहने वाली हैं और दिल्ली में मॉडलिंग करती हैं। मनिका को इसके पहले मिस यूनिवर्स राजस्थान 2024 के लिए भी चुना गया था। अब इस साल के अंत में थाईलैंड में होने वाले 74वें मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। मनिका ने अपनी जीत पर खुशी जताई है और अपने मेंटर्स का शुक्रिया अदा किया है।

## ताजपुर पोर्ट के लिए जल्द जारी होगा नया टेंडरः ममता

**कोलकाता।**

बंगाल सरकार ने राज्य के बहुप्रतीक्षित ताजपुर डीप सी पोर्ट परियोजना को दोबारा गति देने का निर्णय लेते हुए इसके लिए अब नए सिरे से टेंडर जारी करने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अध्यक्षता में सोमवार को राज्य सचिवालय में हुई राज्य मंत्रिमंडल (कैबिनेट) की बैठक में इस विषय पर गंभीर मंथन के बाद नई निविदा (टेंडर) प्रक्रिया शुरू करने का फैसला लिया गया। कैबिनेट के निर्णय की जानकारी देते हुए राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत ने संवाददाताओं को बताया कि पूर्व मेदिनीपुर जिले के ताजपुर में गहरे



समुद्री पोर्ट परियोजना के लिए जल्द ही नई निविदा जारी की जाएगी। पुरानी प्रक्रिया अब समाप्त मानी जाएगी और जल्द ही नई प्रक्रिया की घोषणा होगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि ताजपुर पोर्ट बंगाल के समुद्री विकास का प्रवेश द्वार होगा। यह केवल एक बंदरगाह नहीं, बल्कि लाखों युवाओं के लिए रोजगार का द्वार खोलेगा। हम इस प्रोजेक्ट को किसी भी हाल में आगे बढ़ाएंगे। ताजपुर डीप सी पोर्ट कोलकाता से करीब 170 किलोमीटर दूर, पूर्व मेदिनीपुर जिले में 25,000 करोड़ रुपये की प्रस्तावित परियोजना है। यह बंगाल का पहला डीप-सी पोर्ट होगा, जो बड़े समुद्री जहाजों को सीधे डॉकिंग की सुविधा देगा। परियोजना पूरी होने के बाद यह पोर्ट बंदरगाह कारोबार, निर्यात-आयात, कोल्ड स्टोरेज, कंटेनर यार्ड, और लॉजिस्टिक्स हब जैसे क्षेत्रों में बड़ा बदलाव ला सकता है।




॥ रस्म तेहरवी ॥

**श्री आशीष गर्ग**

(जिला एवं सत्र न्यायाधीश गा०बाद)

मान्यवर,

बडे दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी श्री आशीष गर्ग (जिला जज गाजियाबाद) का स्वर्गवास दिनांक 11.08.25 दिन सोमवार को हो गया था। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। दिवंगत आत्मा की शन्ति हेतु रस्म तेरहवी दिनांक 23.8.2025 दिन शनिवार को सुनिश्चित हुई है।

दिन शनिवार, 23 अगस्त 2025

हवन ........................ 9.00 बजे प्रातः

शोक सभा (रस्म पगड़ी) ........................ 2:00 बजे दोपहर

कृप्या पगड़ी साथ न लायें।

**शोकाकुल परिवार**

योगेन्द्र स्वरूप गर्ग दीपा गर्ग (चाचा चाची)

निधि गर्ग (धर्मपत्नी)

आयुष गर्ग – शिवानी गर्ग (पुत्र पुत्रवधु)

अनुष्का गर्ग (पुत्री)

**कार्यक्रम स्थल**

डायमण्ड पैलेस, कवि नगर, इण्डस्ट्रीयल एरिया, रजापुर, गाजियाबाद।

मों :9927020790, 9838878873, 9927046036, 9045905038


**निवास स्थल**

जिला जज निवास, ईस्ट मोडल टाऊन, गजियाबाद।


## आखिरकार हमास ने टेक दिए घुटने... इजरायल से समझौते के लिए भरी हामी

**नई दिल्ली।**

गाजा पर संपूर्ण कब्जे की तैयारी कर रहे इजरायल के दबाव का असर रंग लाता नजर आ रहा है। फलस्तीन में आंदोलन का झंडा बुलंद करने वाले हमास ने इजरायल को 60 दिन के युद्ध विराम का प्रस्ताव दिया है। साथ ही उसने आधे बंधकों को भी रिहा करने की बात कही है। बदले में इजरायल को भी जेलों में बंद कुछ फलस्तीनी छोड़ने होंगे। इजरायली मीडिया ने हमास का प्रस्ताव मिलने की पुष्टि की है, लेकिन इजरायल की तरफ से अभी आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी वीडियो में बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि आप की तरह मुझे भी मीडिया से जानकारी मिली है और इससे आप सहज अंदाजा लगा सकते हैं कि हमास भयानक दबाव में है।



## अक्तूबर से फरार्टा भरेंगे वाहन, यमुनापार में ट्रैफिक जाम से राहत की उम्मीद

**दिल्ली।** बीते दिनों यूईआर-दो के उद्घाटन के मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि अक्तूबर में इसे जनता के लिए शुरू कर दिया जाएगा। माना जा रहा है कि इस दिवाली पर लोगों को दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे का तोहफा मिल सकता है। दिल्लीझदेहरादून एक्सप्रेसवे पर इस साल अक्तूबर से वाहन फरार्टा भर सकेंगे। बीते दिनों यूईआर-दो के उद्घाटन के मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि अक्तूबर में इसे जनता के लिए शुरू कर दिया जाएगा।

## 'भारत-पाकिस्तान संघर्ष मैंने रुकवाया': ट्रंप

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित युद्ध को रोका था। ओवल ऑफिस में यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात के दौरान ट्रंप ने कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने छह युद्ध खत्म कराए, जिनमें एक बड़ा परमाणु संकट भी शामिल था। भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव को खत्म करने को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दावा अब आम हो गया है। कारण है कि आय दिन किसी ना किसी प्रेस वार्ता ये सोशल मीडिया पर संबंधित सवाल के जवाब में ट्रंप ये कहते हुए सुने जाते



है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच के तनाव को खत्म किया और दुनिया को परमाणु युद्ध से बचाया। इसी क्रम में ये दावा एक बार और तब बढ़ गया जब ट्रंप ने सोमवार को भी इसे दोहराया। जहां एक बार फिर उन्होंने दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित युद्ध को रोका था। वॉशिंगटन स्थित ओवल ऑफिस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात के दौरान ट्रंप ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान छह युद्ध खत्म कराए, जिनमें भारत-पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु युद्ध भी शामिल था। ट्रंप ने कहा कि मैंने छह महीनों में छह युद्ध सुलझाए हैं।

## संपादक की कलम से

# बेजवाब मुख्य चुनाव आयुक्त

देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के चेहरे पर तल्खी और चिंता की लकीरें पढ़ी जा सकती थीं। वह कुछ गुस्से में भी लग रहे थे। बेशक वोट चोरी के गंभीर आरोपों के बीच उन्हें चुनावी शुद्धता और निष्पक्षता साबित करनी थी, लेकिन अधिकांश समय वह एकालाप की स्थिति में रहे। मुख्य चुनाव आयुक्त अपनी पहली प्रेस वार्ता में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आरोपिया सवालों के संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। सिर्फ इतना ही कहा कि वोट



ललित शर्मा
संपादक

चोरी शब्द उचित नहीं है। वे संविधान का अपमान करते हैं। संसद और आम मतदाता के विवेक का अपमान करते हैं। दरअसल इस मुद्दे को सार्वजनिक रूप से उछालने या चुनाव आयोग और भाजपा–आरएसएस की मिलीभगत सरीखे पूर्वाग्रही आरोप लगाने की जरूरत नहीं होनी चाहिए थी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को आयोग के कार्यालय में आमंत्रित कर सकते थे, क्योंकि दोनों व्यक्ति संवैधानिक पदों पर आसीन हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त विपक्ष के नेता के आरोपों और उनकी आशंकाओं को सुनते और एक संतोषजनक जवाब देने की कोशिश करते। दुर्भाग्य और विडंबना है कि ऐसा नहीं किया जा सका, बल्कि दोनों ही मैदान में कूद पड़े। यह बिल्कुल भी लोकतांत्रिक नहीं था, लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त राजनीतिक जुबां में बोलते रहे कि चुनाव आयोग आरोपों से नहीं डरता। वोटर को अपराधी कहना ठीक नहीं है। चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रख कर सियासत न करें। ज्ञानेश कुमार ने राहुल गांधी को दो टूक कहा–या तो सात दिनों में हलफनामा दें अथवा देश से माफी मांगें। तीसरा कोई विकल्प नहीं है। दरअसल इस बयान में धमकी भी निहित है। चुनाव आयुक्त से यह अपेक्षा नहीं की जाती। राहुल गांधी की टीम ने क्या अपराध किया है, जो वह देश से माफी मांगें? टीम ने आयोग के दस्तावेजी तथ्यों से वोट चोरी का जो निष्कर्ष निकाला है, उसे चुनाव आयोग ही गलत साबित कर कांग्रेसी टीम को बेनकाब कर सकता था। मुख्य चुनाव आयुक्त ऐसा क्यों नहीं कर पाए? उन्हें हलफनामा ही क्यों चाहिए? भाजपा नेताओं के वोट चोरी के पुराने आरोपों पर हलफनामे क्यों नहीं मांगे गए? चुनाव आयोग तटस्थ, ईमानदार और पारदर्शी नहीं लगता। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त हलफनामे को गैर–जरूरी मानते हैं। बहरहाल अब वोट चोरी कमोबेश बिहार विधानसभा चुनाव का मुख्य मुद्दा बन गया है। मताधिकार को संविधान से जोड़ कर नेरेटिव तैयार किया गया है। लोग भ्रमित होकर भावुकता में बह सकते हैं। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव वोटर अधिकार यात्रा पर हैं। चुनाव आयोग की खूब छीछालेदर की जा रही है। हालांकि मुद्दा अब भी सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। अगली सुनवाई 22 अगस्त को है। चुनाव आयोग ने इतना जरूर किया है कि जिन 65.64 लाख मतदाताओं के नाम सूचियों से काट दिए गए हैं, उन्हें आयोग की वेबसाइटों पर सार्वजनिक किया गया है। अंतिम संतुष्टि सर्वोच्च अदालत की होगी, क्योंकि अदालत ने इतने नाम काट देने के कारण भी पूछे हैं। शीर्ष अदालत ने इस आशय का अंतरिम आदेश दिया था। अदालत ने स्थानीय भाषा के और अंग्रेजी अखबारों समेत टीवी एवं सोशल मीडिया में अच्छी तरह उनके नाम छापने और प्रसारित करने के आदेश भी दिए थे। चुनाव आयोग को ऐसा ही करना पड़ेगा। वोट चोरी न भी कहें, लेकिन मतदाता सूचियों में गड़बड़ी एक पुरानी और सर्वत्र व्याप्त विसंगति रही है। बेशक मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण किए जाते रहे हैं। चुनाव आयोग को बिंदुवार जवाब देना चाहिए कि बाहरी देशों के कितने अवैध वोटर हैं, जिनके नाम सूची से काट दिए गए हैं।

# अपनी ही बिसात पर मात खा रहा है विपक्ष



ललित गर्ग





भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह केवल संख्याओं और मतों का खेल नहीं है, बल्कि एक ऐसी जीवंत प्रक्रिया है जिसमें सत्ता और विपक्ष दोनों की समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सत्ता पक्ष जहां शासन संचालन और नीतियों को लागू करने के लिए जिम्मेदार होता है, वहीं विपक्ष लोकतंत्र का प्रहरी बनकर उसके हर कदम पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है, असंतोष को स्वर देता है और जनभावनाओं को दिशा देता है। लेकिन वर्तमान विपक्ष इन भूमिकाओं में नकारा साबित हो रहा है, ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्ष अपनी ही बिसात पर मात खा रहा है, जिस तरह से विपक्ष और विशेषतः कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी, ईवीएम में गड़बड़ी एवं मतदाता सूचियों के विशेष गहन परीक्षण पर बेतूके एवं आधारहीन आरोप लगाये हैं, उससे संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग की गरिमा एवं प्रतिष्ठा तो आहत हुई ही है, लेकिन विपक्ष की भूमिका भी कठघरे में दिख रही है। यह अच्छा हुआ कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर वोट चोरी सहित ऐसे ही बेहूदा, आधारहीन एवं गुमराह करने वाले राहुल गांधी के आरोपों का न केवल बिन्दुबार जबाव दिया, बल्कि उन्हें बेनकाब करते हुए यह भी कहा कि वे या तो अपने निराधार आरोपों के सन्दर्भ में शपथ पत्र दें या सात दिनों के भीतर देश से माफी मांगें। निश्चित ही राहुल गांधी को ऐसी चेतावनी देना आवश्यक हो गया था, क्योंकि वे अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिये लोकतंत्र की संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को धुंधलाने की सारी हदें पार चुके हैं।

हाल के दिनों में जिस तरह चुनाव आयोग, मतदाता सूची और वोट चोरी के आरोपों को लेकर बहस छिड़ी है, उसने इस प्रश्न को फिर से गहराई से सोचने को बाध्य किया है कि क्या लोकतंत्र में विपक्ष बेबुनियाद आरोप लगाते हुए अपनी भूमिका को प्रश्नों के घेरे में कब तक डालता रहेगा? विपक्ष बिना ठोस प्रमाण के बड़े आरोप लगाकर लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़े कर देता है। क्या जनहित के नाम पर जनता के व्यापक हित से जुड़े सुधारों का विरोध करना विपक्ष का शगल बन गया है? पिछले एक दशक से विपक्ष लोकतंत्र को सशक्त बनाने की अपनी भूमिका की बजाय उसे कमजोर एवं जर्जर करने में जुटा है। उसने सत्ता-पक्ष को घेरने के लिये जरूरी मुद्दों को सकारात्मक तरीकों से उठाने की बजाय विध्वंसात्मक तरीकों से विकास के जनहितकारी मुद्दों को भी विवाद का मुद्दा बनाते हुए सारी हदें पार कर पार दी है। आधार को बैंक अकाउंट से जोड़ने का मामला हो या अनुच्छेद 370 को खत्म करना हो। सीएए-एनआरसी का मामला हो या हाल में चुनाव आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन परीक्षण अभियान हो। विपक्ष मोदी सरकार के इन विकासमूलक सुधारों को जनहित के खिलाफ बताते हुए मुखर विरोध कर रहा हैं, जो लोकतंत्र को धुंधलाने की एक बड़ी साजिश प्रतीत होती है। निश्चित ही विपक्ष की इस खींचतान में सबसे बड़ी क्षति जनता की आस्था की होती है। जब चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता संदिग्ध बनाई जाती है, तो लोकतंत्र की नींव हिलने लगती है। लोकतंत्र में हार-जीत से भी बड़ा मुद्दा चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता होता है। विपक्ष केवल सत्ता की आलोचना करने के लिए नहीं है। उसका दायित्व है कि वह जनता की समस्याओं जैसे बेरोजगारी, महंगाई, जीएसटी की अतिश्योक्तिपूर्ण वसूली, पर्यावरण, सफाई, नारी की असुरक्षा जैसे ज्वलंत मुद्दों को उजागर करे, ठोस विकल्प प्रस्तुत करे और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती में योगदान दे। केवल आरोप-प्रत्यारोप में उलझकर यदि विपक्ष अपनी ऊर्जा खर्च कर देता है तो वह जनता का विश्वास खो देता है। यही कारण है कि आज विपक्ष की स्थिति कमजोर मानी जा रही है, क्योंकि वह केवल आरोप लगाता हुआ दिखता है, समाधान प्रस्तुत करने में पिछड़ जाता है। सत्ता पक्ष को भी यह नहीं भूलना चाहिए कि लोकतंत्र केवल बहुमत से नहीं चलता, बल्कि सहमति और पारदर्शिता से भी चलता है। यदि विपक्ष लगातार सवाल उठा रहा है तो सत्ता पक्ष का कर्तव्य है कि वह धैर्यपूर्वक उत्तर दे, जाँच के रास्ते खोले और हर आरोप को तथ्यों से परखे। विपक्ष को नकार देना लोकतंत्र को कमजोर करना है। जब सत्ता और विपक्ष के बीच टकराव बढ़ता है, तब न्यायपालिका अंतिम सहारा बनती है। यही कारण है कि आज बार-बार सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की माँग उठती है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है, क्योंकि इसका अर्थ है कि जनता और राजनीतिक दल चुनाव आयोग व अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा नहीं कर पा रहे। इसलिए न्यायपालिका की भूमिका भी अब केवल विवाद सुलझाने की नहीं रह गई है, बल्कि लोकतंत्र के विश्वास को पुनः स्थापित करने की हो गई है, जबकि यह कार्य राजनीतिक दलों एवं चुनी हुई सरकारों का होता है। लोकतंत्र का सार यही है कि सत्ता और विपक्ष दोनों एक-दूसरे के पूरक हों, शत्रु नहीं। विपक्ष को केवल विरोध की राजनीति से बाहर आकर वैकल्पिक दृष्टिकोण देना होगा, और सत्ता-पक्ष को भी यह समझना होगा कि विपक्ष की आलोचना लोकतंत्र का अभिन्न हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रारंभ से ही विपक्ष को महत्व दिया है, उन्होंने संवेदनशील सरकार के साथ सृजनात्मक नेतृत्व का परिचय दिया है लेकिन विपक्ष जब आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से घिरा हो तो सकारात्मक दिशाएं कैसे उद्घाटित हो सकती है? आज की राजनीति में लोकतंत्र और विपक्ष के बीच खींचतान तेज है। यह टकराव लोकतंत्र को कमजोर करने वाला नहीं बल्कि उसे और परिपक्व बनाने वाला होना चाहिए। आवश्यकता इस बात की है कि विपक्ष अपनी रचनात्मक भूमिका निभाए और सत्ता पक्ष उसकी आलोचना को स्वीकार कर उत्तरदायित्वपूर्ण जवाब दे। तभी लोकतंत्र की असली शक्ति और जनता के विश्वास को बनाए रखा जा सकता है। लोकतंत्र की शक्ति केवल सरकार में नहीं बल्कि एक सशक्त और रचनात्मक विपक्ष में भी निहित होती है। विपक्ष लोकतांत्रिक ढांचे का आवश्यक स्तंभ है, जो सत्ता पर निगरानी रखता है, नीतियों में कमियों को उजागर करता है और जनता की आवाज को सदन तक पहुँचाता है। लेकिन जब विपक्ष अपनी इस जिम्मेदारी को भूलकर केवल नकारात्मक राजनीति पर उतर आए, तो लोकतंत्र की नींव कमजोर होने लगती है और देश की छवि तथा स्थिरता पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो जाता है। आज भारत का विपक्ष जिस तरह संसद को ठप करने, व्यक्तिगत हमलों, दुष्प्रचार और असंवेदनशील आचरण पर आमादा है, उसने लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुँचाई है। संसद सत्र, जहाँ जनता की समस्याओं का समाधान खोजा जाना चाहिए, वहाँ विपक्ष का रवैया अवरोध पैदा करने वाला अधिक दिखता है। महत्वपूर्ण विधेयकों पर सार्थक चर्चा के बजाय नारेबाजी और वॉकआउट आम बात हो गई है। यह स्थिति केवल सरकार ही नहीं, पूरे राष्ट्र के लिए घातक है। इतिहास गवाह है कि जब-जब विपक्ष ने रचनात्मक भूमिका निभाई है तो लोकतंत्र और मजबूत हुआ है। 1977 में आपातकाल के विरोध से लेकर 1989 तक विपक्ष ने लोकतंत्र को बचाने और पुनर्जीवित करने का कार्य किया। लेकिन 2014 के बाद से जिस तरह विपक्ष अपरिपक्व, निरंतर बिखरा हुआ, नेतृत्वविहीन और नकारात्मक एजेंडे पर केंद्रित रहा है, उसने लोकतांत्रिक संस्कृति को आघात पहुँचाया है। विदेशी ताकतें हमेशा से भारत की आंतरिक कमजोरी का फायदा उठाने की फिराक में रहती हैं। जब विपक्ष सरकार की नीतियों का विरोध करने के नाम पर राष्ट्र-विरोध, राष्ट्रीय सुरक्षा, सेना की कार्रवाई या विदेश नीति तक पर सवाल उठाने लगता है, तो इसका सीधा लाभ पाकिस्तान और चीन जैसे देशों को मिलता है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि को धूमिल करना विपक्ष का उद्देश्य नहीं होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से हालात यही इशारा कर रहे हैं। लोकतंत्र में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन मतभेद को ह्यविघटनह्ल में बदल देना खतरनाक है। विपक्ष को याद रखना होगा कि उसकी जिम्मेदारी केवल सत्ता पाने की नहीं, बल्कि देश की स्थिरता और विकास को सही दिशा देने की भी है।

उदय किशोर साह



## मौन है चट्टान

कविता

सदियों से खड़ा है मौन बन ये चट्टान
बचाने की कोशिश में खुद की ईमान
कैसे कैसे बेशरम हो गया यहाँ शैतान
हर नुक्कड़ पे खड़ा हँसता है बेईमान

रब ने बनाया था एक सभ्य इन्सान
पर मानव करता गया गलत ही काम
पाप के सागर में डुब रहा है तमाम
मानवता हो गई जग में अब नाकाम

जग में आया था जपने हरिनाम
पर बेच दिया खुद का भला सा नाम
बदनामी का ले चुका है यहाँ ईनाम
विचित्र सा सोंच बना लिया है इन्सान

खुद रोता है और परिजन को रुलाया
कारागार जाने का रास्ता दिखलाया
हद को बेशरमी से है अब। ठुकराया
फिर भी इन्हें शर्म नहीं कभी आया

इन्सानों की फितरत से दु:खी है भगवान
क्यूं मिट्टी के तन को दिया था मैंने। प्राण
पाप की गठरी बन चुके है कई नाम
मेरी भलमानस सोंच आया ना कोई काम

# कार्यस्थल पर मयार्दा ही असली शिक्षा

*शिक्षण संस्थान ज्ञान देने के साथ–साथ आदर्श आचरण के केंद्र भी होते हैं। लेकिन जब यहां कार्यरत महिला शिक्षिकाएं असुरक्षा, अशोभनीय व्यवहार और अनुचित दबाव का सामना करती हैं, तो यह केवल एक व्यक्ति नहीं, पूरे माहौल की गरिमा को चोट पहुंचाता है। महिला सुरक्षा के लिए केवल कानून होना पर्याप्त नहीं, बल्कि संस्थानों में सख़्त नियम और रोकथाम के उपाय जरूरी हैं। महिला स्टाफ रूम और शौचालय अलग हों, परिसर में हर जगह सक्रिय कैमरे लगें, खाली पीरियड में महिला और पुरुष शिक्षक अपने–अपने स्टाफ रूम में ही रहें, और एकांत में अनावश्यक बातचीत पर रोक लगे। कार्य–संबंधी संदेश कार्य समय में ही भेजे जाएं, निजी चैटिंग पर प्रतिबंध हो। हर संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति सक्रिय रहे, गोपनीय शिकायत तंत्र हो, और दोषी पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई हो। साथ ही, साल में कम से कम एक बार कार्यस्थल आचरण और कानून पर प्रशिक्षण हो, ताकि सभी को सम्मान और मयार्दा का महत्व समझ में आए। सुरक्षित कैंपस और सम्मानजनक कार्यस्थल केवल महिला का अधिकार नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और समाज की गरिमा का आधार है। अब समय है चुप्पी तोड़ने और सख़्त कदम उठाने का।*

शिक्षण संस्थान केवल पढ़ाई-लिखाई की जगह नहीं होते, बल्कि समाज का आईना और भविष्य का निर्माण स्थल होते हैं। यहां का वातावरण सीधे तौर पर बच्चों की सोच, शिक्षकों की प्रेरणा और पूरे संस्थान की प्रतिष्ठा को प्रभावित करता है। एक स्वस्थ और सम्मानजनक कार्यस्थल कोई विलासिता नहीं, बल्कि बुनियादी आवश्यकता है। विशेष रूप से महिला शिक्षिकाओं और महिला कर्मचारियों के लिए यह सुनिश्चित करना कि वे अपने कार्यस्थल पर सुरक्षित और सम्मानित महसूस करें, किसी भी संस्थान की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

हाल के वर्षों में कई घटनाएं सामने आई हैं, जहां महिला शिक्षिकाओं ने अपने ही सहयोगियों या वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किए गए अनुचित व्यवहार, अशोभनीय संदेश और निजी तौर पर अनुचित हरकतों की शिकायत की है। देशभर से समय-समय पर ऐसी खबरें आती रही हैं—कभी खाली पीरियड में एकांत में लंबी बातचीत, कभी व्यक्तिगत नंबर पर अनावश्यक और निजी संदेश, कभी नजर और शब्दों से अपमानजनक संकेत, तो कभी काम में मदद या पदोन्नति के बदले अनुचित मांग। ये सब केवल व्यक्तिगत आचरण की गड़बड़ी नहीं हैं, बल्कि कार्यस्थल की गरिमा और सुरक्षा को तोड़ने वाली गंभीर प्रवृत्तियां हैं।

ऐसी घटनाएं केवल एक महिला के मानसिक स्वास्थ्य को चोट नहीं पहुंचातीं, बल्कि पूरे वातावरण को विषैला बना देती हैं। असुरक्षा का भाव महिला शिक्षिकाओं के आत्मविश्वास को कमजोर करता है। वे हमेशा सतर्क और तनावग्रस्त रहती हैं, जिससे उनका ध्यान पढ़ाई से भटकता है। बार-बार अपमानजनक स्थिति का सामना करने से उनका आत्मसम्मान टूटने लगता है। कई महिलाएं ऐसे माहौल से बचने के लिए नौकरी छोड़ देती हैं या स्थानांतरण की मांग करती हैं। इसका असर छात्रों पर भी पड़ता है, क्योंकि असुरक्षित और असंतुष्ट शिक्षक पूरी ऊर्जा और सकारात्मकता के साथ पढ़ाने में सक्षम नहीं रहते।

महिलाओं की कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत में यौन उत्पीड़न (कार्यस्थल पर) अधिनियम, 2013 यानी पॉश अधिनियम लागू है। इसके तहत प्रत्येक संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है, जिसकी अध्यक्ष महिला हो और आधे से अधिक सदस्य महिलाएं हों। शिकायत दर्ज होने पर सात कार्य दिवस में प्रारंभिक सुनवाई और नब्बे दिनों में जांच पूरी करनी होती है। दोषी पाए जाने पर प्रशासनिक और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। शिकायतकर्ता के साथ किसी भी प्रकार के प्रतिशोध को रोकना भी संस्थान की जिम्मेदारी है। दुर्भाग्य से, अनेक स्थानों पर यह समिति केवल कागजों में ही सीमित रहती है और शिकायतें या तो दबा दी जाती हैं या पीड़ित को चुप करा दिया जाता है।

समाधान केवल सजा देने में नहीं, बल्कि रोकथाम में है। इसके लिए कुछ बुनियादी कदम हर शैक्षणिक संस्थान में तुरंत लागू किए जाने चाहिए। महिला शिक्षिकाओं के लिए अलग और सुरक्षित स्टाफ रूम होना चाहिए, ताकि वे अपने कार्य से जुड़ी चचाएं और आवश्यक बातचीत आराम से कर सकें। महिला कर्मचारियों और छात्राओं के लिए अलग, स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय की व्यवस्था हो। परिसर के प्रमुख स्थानों, गलियारों, प्रवेश-द्वारों, खेल के मैदान और कॉमन एरिया में उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे लगाए जाएं और वे हमेशा सक्रिय रहें। फुटेज को कम से कम नब्बे दिनों तक सुरक्षित रखा जाए और केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही उसकी पहुंच हो।

खाली पीरियड में महिला और पुरुष शिक्षक अपने-अपने स्टाफ रूम में ही रहें। बिना किसी औपचारिक कार्य के, एकांत में लंबे समय तक बैठना या बातचीत करना प्रतिबंधित हो। शिक्षकों और सहकर्मियों के बीच निजी संदेश केवल कार्य संबंधी हों और वह भी कार्य समय में ही भेजे जाएं। देर रात या गैर-जरूरी चैटिंग पूरी तरह वर्जित हो, विशेषकर जब वह विपरीत लिंग के बीच हो। प्रत्येक सत्र की शुरूआत में कार्यस्थल पर आचरण और कानून के बारे में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इसमें सभी शिक्षक, गैर-शिक्षण कर्मचारी और वरिष्ठ छात्रों को शामिल किया जाए, ताकि सभी को यह समझ में आए कि कार्यस्थल पर सम्मान और मयार्दा कैसे बनाए रखी जाती है।

संस्थान में ऐसा गोपनीय तंत्र हो जहां पीड़ित बिना डर और शर्म के शिकायत दर्ज करा सके। यह ऑनलाइन पोर्टल, सीलबंद शिकायत बॉक्स या हेल्पलाइन नंबर के रूप में हो सकता है। शिकायत आने पर तुरंत जांच हो, आरोपी और पीड़ित को अलग किया जाए और दोषी पाए जाने पर बिना देरी कड़ी कार्रवाई की जाए। शिकायतकर्ता की गोपनीयता की रक्षा संस्थान की सर्वोच्च जिम्मेदारी होनी चाहिए।

महिला सुरक्षा केवल कानूनी या प्रशासनिक मामला नहीं है, यह सामाजिक सोच का भी मुद्दा है। हमें अपने बच्चों को यह सिखाना होगा कि कार्यस्थल पर सम्मान, मयार्दा और सीमाएं क्या होती हैं। स्कूलों में लैंगिक संवेदनशीलता और आत्मसम्मान पर आधारित विशेष कक्षाएं शुरू की जानी चाहिएं। समाज को यह समझना होगा कि महिला सुरक्षा किसी एक वर्ग का मुद्दा नहीं, बल्कि पूरे समाज और देश की गरिमा का प्रश्न है।

सुरक्षित कैंपस और सम्मानजनक कार्यस्थल कोई आदर्शवादी कल्पना नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और संस्थान की विश्वसनीयता का आधार है। जिस स्थान पर महिलाएं खुद को सुरक्षित न महसूस करें, वहां शिक्षा का वातावरण कभी भी स्वस्थ नहीं हो सकता। यह केवल महिला का मुद्दा नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति का मुद्दा है जो अपने कार्यस्थल को गरिमा और मयार्दा से भरपूर देखना चाहता है।

अगर हम अब भी चुप रहे तो अगली घटना का इंतजार करना पड़ेगा और तब तक किसी का आत्मविश्वास, किसी का करियर और किसी की ज़िंदगी बर्बाद हो चुकी होगी। अब समय है चुप्पी तोड़ने का—नियम बनाने का, उन्हें कड़ाई से लागू करने का, और हर शैक्षणिक संस्थान को सचमुच सुरक्षित और सम्मानजनक कार्यस्थल बनाने का। यह केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि हर शिक्षक, हर कर्मचारी, हर छात्र और पूरे समाज की जिम्मेदारी है। तभी हम आने वाली पीढ़ी को न केवल किताबों का ज्ञान, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी सीख—सम्मान और सुरक्षा—भी दे पाएंगे।



प्रियंका सौरभ

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# तहसील टाण्डा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 24 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए

**वेलकम इंडिया**

मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में तहसील टाण्डा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 24 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, उनमें से 05 शिकायतों/समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, विद्युत, पेंशन, दिव्यांगजन सशक्तिकरण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी जनपद स्तरीय एवं खण्ड विकास अधिकारी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से लें। यदि कोई अधिकारी शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से परेशान करता है अथवा कार्य में लापरवाही करता हुआ पाया गया, तो उसके विरुद्ध जवाबदेही



तय करते हुए सख्त कार्यवाही की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि अधिकारी जब भी गांवों का भ्रमण करें, तो अपने विभाग से संबंधित योजनाओं और कार्यक्रमों का मौके पर सत्यापन करें और लाभार्थियों से प्रत्यक्ष फीडबैक भी प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन का यह प्रयास है कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। इसी प्रकार तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा0 नितिन मदान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 12 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील मिलक में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 11 शिकायतें प्राप्त हुई और 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील बिलासपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 07 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त तहसील शाहबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 08 शिकायतें प्राप्त हुई और 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील स्वार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 08 शिकायतें प्राप्त हुई और 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# मारपीट कर तमंचे की बट मारकर घायल कर देने के अभियोग में 01 अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** वादी द्वारा अपने अन्य व्यक्तियो की सहायता से एक व्यक्ति को पकडकर थाना स्वार लाये तथा तहरीर उपलब्ध करायी गयी कि पकडे हुए व्यक्ति रिंकू पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम गडरियो वाला मजरा थाना स्वार जनपद रामपुर द्वारा अपने साथियो 1.गुरबाज 2.प्रिन्स 3.गौरव निवासी गण गडरियो वाला मजरा थाना स्वार जनपद रामपुर द्वारा वादी के साथ गाली गलौच कर मारपीट करके तमंचे के बट से चोट पहुँचाकर घायल कर देना व रिंकू को गवाहान की मदद से पकड लेना उसके कब्जे से एक तमंचा देशी 315 बोर मय 01 अदद कारतूस जिन्दा 315 बोर बरामद होना व इसके साथियों का मौके से जान से मारने की धमकी देकर भाग जाने के सम्बन्ध में दाखिल की ।



दाखिला तहरीर के आधार पर थाना स्वार पर मु0अ0सं0-329/2025 धारा-115(2)/352/351(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर रिंकू पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम गडरियो वाला मजरा थाना स्वार जनपद रामपुर को हिरासत पुलिस लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

# जिलाधिकारी श्रुति ने समाधान दिवस के उपरान्त स्थलीय निरीक्षण किया



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के द्वारा तहसील सदर परिसर में बनवाये जा रहे 100 बेडेड वर्किंग वूमन हॉस्टल के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए आज जिलाधिकारी श्रुति ने समाधान दिवस के उपरान्त स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर कार्यदायी संस्था यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 निर्माण इकाई-36 के प्रतिनिधि से परियोजना की प्रगति की स्थिति के बारे में जानकरी ली। साथ ही डीपीआर का अवलोकन करते हुए अभी तक कराये गये निर्माण कार्य यथा- कक्ष, हॉल, रसोई, शौचालय आदि को भी देखा गया। निर्माण कार्य प्रगति पर है। कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यो को निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाये। डीपीआर के अनुसार ही सामग्री का उपयोग करते हुए निर्माण कार्यो को कराया जाये। कार्यो में गुणवत्ता को सुनिश्चित कराने के लिए थर्ड पार्टी निरीक्षण भी कराया जाये।

# नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत पेट्रोल पंपों का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने कोर्ट रोड पेट्रोल सहारनपुर। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से सहारनपुर पुलिस द्वारा नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस आशीष तिवारी ने आज कोर्ट रोड स्थित पेट्रोल पंप का आकस्मिक निरीक्षण किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक यातायात के पर्यवेक्षण में जनपद के सभी पेट्रोल पंपों पर विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है।

अभियान के तहत पुलिस टीम आमजन को जागरूक कर रही है कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है। पुलिस ने अपील करते हुए कहा कि, दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें, कार में सफर करते समय सीट बेल्ट



अवश्य लगाएँ, वाहन धीमी गति से अपनी लेन में चलाएँ, नशे की हालत में वाहन न चलाएँ, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, किसी भी आपात स्थिति में 108 व 112 टोल-फ्री नंबर पर संपर्क करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के पालन के प्रति प्रेरित करना और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना है।

# वरिष्ठ पत्रकार मनमोहन शर्मा को रक्तदान क्षेत्र में एबी नेगेटिव ने 51 बार देने पर उन्हे सम्मनित किया



**वेलकम इंडिया**

**हांसी,18 अगस्त ।मनमोहन शर्मा** वरिष्ठ पत्रकार व रक्तदाता मनमोहन शर्मा को प्रशासन ने उन्हे स्वतंत्रता दिवस ने उन्हे सम्मानित करके प्रमाणपत्र मुख्य अतिथि विधायक विनोद भयाणा , एसडीएम राजेश सोख व एसपी अमित वर्धन आदि मौजूद थें । उल्लेखनीय है कि पत्रकार मनमोहन शर्मा का एबी नगेटिव ग्रुप्र रक्त है जिसके चलते उन्होंने 51 बार रक्तदान किया , केवल 3/4 बार शिविर में बाकी घटना स्थल पर पहुँच करके पूण्य का कार्य करके खुशी आनन्द मिलता है । फिलहाल वे आजकल ब्लड कैंसर का उपचार चल रहा है मगर फिर भी अपने कार्य लगातार कर रहे हैं ।

# दहेज की बलि चढ़ी विवाहिता

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर।** नगीना दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियो ने उतारा मौत के घाट उतार दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतका की मां ने पति समेत 7 ससुराल पक्ष के लोगों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करने की मांग की है। थाना बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम बाँसोंवाला निवासी संतोष देवी पत्नी महेंद्र सैनी ने थाना प्रभारी को दी तहरीर में आरोप लगाया गया कि उसने अपनी पुत्री नेहा 20 वर्ष की शादी स्थानीय मौहल्ला कायस्थी सराय निवासी सूरज सैनी पुत्र महेंद्र सैनी के साथ पांच माह पूर्व हिंदू रीति रिवाज के साथ हुई थी और शादी के वक्त उपहार स्वरूप काफी दान दहेज भी दिया था लेकिन पति सूरज व अन्य ससुराल पक्ष के लोग और दहेज लाने को लेकर शुरू से ही मानसिक और शारारिक उत्पीड़न करते चले आ रहे थे। दहेज की मांग पूरी न करने पर बार-बार जान से मारने के धमकी दे रहे थे। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि पति सूरज सैनी ने



अपनी मां बहन और भाइयों की मदद से रविवार की रात 8 बजे करीब नेहा की गला घोटकर हत्या कर दी है। जिसकी सूचना मिलने पर जब हम नगीना पहुंचे जहां उसे मृत अवस्था में पाया। सूचना पर पुलिस क्षेत्र अधिकारी अंजनी चतुर्वेदी थाना प्रभारी संजय कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि मृतका की मां संतोष देवी ने पति, नंद, देवर समेत 7 लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर 80/2 , 85 बी एन एस 3/4 व अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस ने आरोपी सास और नंद को विरासत में ले लिया है जबकि अन्य आरोपी फरार है थाना प्रभारी का कहना है कि फरार आरोपी भी जल्द गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# ग्राम करमसखेड़ी में पहुंचा दावते इस्लामी इंडिया मदनी काफिला



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर की तहसील नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम करमास खेड़ी में दावते इस्लामी इंडिया मदनी काफिले के लोगों ने मदनी काफिले का पैगाम देते हुए कहा कि हमारा असल मकसद है समाज से बुराइयों को दूर किया जाए और दीन की राह पर चला जाए अल्लाह अल्लाह के नबी उनके सहबा और गुलामो के नक्शे कदम पर चलकर अपनी जिंदगी को गुजरा जाए मदनी काफिले इंडिया के मदनी पैगाम देने वाले काफिले के मुबल्लीग हजरत अल्लामा मौलाना गुलाम-ए-मुस्तफा ने अपने बयान में कहा है कि समाज की बुराइयों को दूर करके दीन के बताए हुए रास्ते पर चला जाए समाज में भाई चारा बना कर जिंदगी गुजारी जाए और 15 अगस्त के मौके को मध्य नजर रखते हुए कहा कि हमारा देश अपना वतन प्यारा वतन है अपने देश के प्रति मोहब्बत से रहकर जिंदगी गुजारी जाए। हजरत अल्लामा मौलाना गुलाम में मुस्तफा ने नारा देते हुए कहा हिंदी है हम वतन है हिंदुस्ता हमारा सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा हिंदुस्ता हमारा हजरत अल्लामा मौलाना गुलाम में मुस्तफा काफिले की निगरानी करते हुए कहां समाज से बुराइयों को खत्म करना है चोरी गिबात चुगली अन्य समाज में फैल रही बुराइयों से सभी अवाम को परहेज करने की गुजारिश की और अपने वतन हिंदुस्तान की तरक्की और अमनो सुकून की दुआएं मांगी।

# एडीएम की अध्यक्षता में लगाया गया संपूर्ण समाधान दिवस



**वेलकम इंडिया**

शिकारपुर/शिकारपुर तहसील सभागार में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एडीएम फाइनेंस अभिषेक कुमार ने की। संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों की जन समस्याएं सुनकर निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में 58 फरियादी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे जिसमें से मौके पर 15 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष बची शिकायतों का संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को एक सप्ताह के अंदर समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं।

साथ ही एडीएम ने कहा है कि जो शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त हुई है उनका समय रहते हुए जल्द निस्तारण किया जाए अन्यथा किसी अधिकारी कर्मचारी की लापरवाई पाई गई तो उसके विरुद्ध भी कार्रवाई होगी। एसडीएम अरुण कुमार वर्मा ने कहा है कि शेष बची शिकायतों का जल्द निस्तारण कराया जाएगा। फरियादियों के

> शेष बची शिकायतों का संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को एक सप्ताह के अंदर समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं।

लिए हमेशा मेरे ऑफिस के दरवाजे खुले हैं। तहसीलदार गौरव बिश्नोई ने कहा है कि जिन लोगों ने ग्राम समाज मरघट की भूमि तथा जोभी सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे कर रखे हैं उनको अभियान चलाकर कब्जा मुक्त कराया जाएगा। जिन लोगों ने अवैध कब्जे कर रखे हैं वह अपना कब्जा हटा लें अन्यथा उन पर होगी सख्त कार्रवाई।इस मौके पर एसडीएम अरुण कुमार वर्मा तहसीलदार गौरव बिश्नोई नायब तहसीलदार मरियम खातून कानून गो रूप सिंह पन्नालाल नरेंद्र कुमार विक्रम सिंह मुकेश कुमार शिकारपुर खंड शिक्षा अधिकारी अमन कुमार गुप्ता बीडीओ पहासू नरेंद्र शर्मा एडीओ पंचायत शिकारपुर शेरपाल सिंह एसडीओ विद्युत विभाग राम आशीष यादव सहित अन्य विभागों से अधिकारी कर्मचारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक मीटिंग तहसील परिसर मे संपन्न हुई

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर।** नजीबाबाद भारतीय किसान टिकैत ने तहसील परिसर में अपनी अपनी मांगों को लेकर मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों ने एक-एक कर पंचायत के सामने अपनी समस्या रख और संबंधित अधिकारियों से समस्याओं का समाधान मांगा। पंचायत के दौरान संगठन के विस्तार के बारे में जोर दिया गया। सुनील कुमार ने कहा कि एकता में ही जीत होती है इसलिए सभी किसानों को मिलजुल कर अपने हक की लड़ाई लड़नी चाहिए एकता में ही जान है। विरेश राणा ने भी संगठन पर जोर डालते हुए कहा कि अगर अधिकारियों से लड़ना है और जितना है तो हमें एकजुट होना चाहिए अगर हम एकजुट होंगे तो हम अपनी लड़ाई जीतेंगे। अगर हमारी समस्याओं का समाधान हमारे इस पंचायत में नहीं हुआ तो हम धरना करने के लिए बाध्य होंगे। अन्य किसान वक्ताओं ने अपनी अपनी वाणी में अपनी समस्याओं को जैसे गन्ने की घटतोली, बिजली समस्या, सड़कों की खस्ता हालत, जंगली जानवरों का भय बाढ़ से प्रभावित हुई फैसलों का मुआवजा आदि की मांगों को लेकर हल्ला बोला। किसानो ने एक आवाज होकर कहा कि जब तक भ्रष्ट अधिकारियों का सही तरीके से इलाज नहीं होगा तब तक किसान चैन से नहीं बैठेंगे।



# डीएम की अध्यक्षता में मेंहदावल तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार ने मेंहदावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्व निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जा कर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने अथवा सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा ससमय संज्ञान



न लेने को गम्भीरता से लेते हुए जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि कार्यो में ढिलाई कदापि न बरती जाये, सभी लाभार्थीपरक योजनाएं जैसे- वृद्धावस्था पेंशन, निर्विवाद वरासत और कागजात दुरूस्ती आदि के मामल को तत्काल सुलझाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। उन्होंने कहा कि कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। मेंहदावल तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 52 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से 08 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए जिलाधिकारी ने एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों में निस्तारण मे विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाय साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाय। कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा किया गया। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारी/थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाय। यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीडितों को न्याय मिले। पुलिस अधिकारीगण प्रत्येक प्रकरण में नियमानुसार त्वरित कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 रामानुज कन्नौजिया, उप जिलाधिकारी संजीव राय, तहसीलदार मेंहदावल अल्पिका वर्मा सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग से सम्बंधित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# उसराशहीद से महुआरी और महुआरी से चिउटना तक की सड़क बेहद खराब

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा के लगभग आधा दर्जन गांवों को बीएमसीटी बस्ती-मेहदावल मार्ग से जोड़ने वाला उसराशहीद से महुआरी और महुआरी से चिउटना संपर्क मार्ग अपने बदहाली पर आंसू बहा रहा है। जानकारी व मांग के बाद भी सम्बंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। सेमरियावा ब्लाक के गाँव मूड़ाडिहा खुर्द, महुआरी, प्रसादपुर, राजगनपुर, पचदेवरा आदि गांवों को बीएमसीटी बस्ती- मेहदावल मार्ग से जोड़ने वाला उसराशहीद से महुआरी(2 किलोमीटर) और महुआरी से चिउटना(5 किलोमीटर) बदहाली का शिकार होकर रह गया है। वर्षों पूर्व लाखों की लागत से शासन द्वारा इस सड़क का निर्माण कराया गया था जिससे लोगों में आस जगी थी कि अब सफर की दुश्वारियों से निजात मिलेगी लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता और लापरवाही के कारण सड़क की गिट्टियां उखड़ने से बन आये गड्ढे राहगीरों सहित क्षेत्रवासियों की परेशानी का कारण बना हुआ है।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुहम्मद शफीक ने कहा कि महुआरी चौराहे पर आरसीसी कराया जाना चाहिए। ग्रामीण मुहम्मद शफीक, अली हुसैन, लक्ष्मीशंकर, जलालूद्दीन, चन्द्रशेखर, सलमान अहमद, गयासुद्दीन, मसूद अहमद, मुहम्मद रशीद, जफीर अहमद आदि ने प्रशासन से सड़क का निर्माण कार्य कराये जाने की मांग किये हैं।

## सहकारी समिति पर यूरिया खाद वितरण के लिए जुटी किसानों की भारी भीड़

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** रसुलपुर स्थित सहकारी समिति पर यूरिया खाद वितरण के लिए किसानों की भारी भीड़ जुटी है। किसान सुबह 7 बजे से ही समिति पहुंचने लगे। समिति में कुल 500 बोरी यूरिया खाद का वितरण किया जा रहा है।खाद वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए किसानों से खतौनी और आधार कार्ड की जांच की जा रही है। बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड रसूलपुर किंतूर के बाहर किसानों की लंबी कतार लगी है। सड़क और गांव के रास्तों पर किसानों की साइकिल और मोटरसाइकिल खड़ी हैं।वितरण व्यवस्था की निगरानी एडीओ एजी रंजीत कुमार वर्मा और एडीओ कोआपरेटिव आशीष कुमार वर्मा कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार, उपनिरीक्षक सालिक राय, विश्वनाथ, रवि सरोज और लक्ष्मीकांत तिवारी भी मौके पर मौजूद हैं।

## संयुक्त चिकित्सालय में सोमवार को देखी गई मरीजों की भारी भीड़

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** संयुक्त चिकित्सालय में सोमवार को मरीजों की भारी भीड़ देखी गई। बीते दिनों की छुट्टियों के बाद एक साथ सैकड़ों मरीज अस्पताल पहुंचे। पर्चा काउंटर पर मरीजों और तीमारदारों की लंबी कतारें लगी रहीं।अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर इकबाल ने बताया कि एक दिन में करीब 500 मरीज ओपीडी में आए। सभी मरीजों के पर्चे बनाए गए और उन्हें निशुल्क दवाइयां दी गईं। जिन मरीजों को जांच की आवश्यकता थी, उनकी भी नि:शुल्क जांच की गई।डॉक्टर धीरेंद्र पटेल, डॉक्टर गौरव कृष्ण, डॉक्टर गौरव नारायण और डॉक्टर तहीर फातिमा सहित सभी चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। डॉक्टर इकबाल के अनुसार, मौसम परिवर्तन के कारण मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। सभी मरीजों को दवाइयों के साथ–साथ आवश्यक परामर्श भी दिया गया।

# बहराइच के रहने वाले युवक के गुप्तांग में डाला शावर रॉड,हालात नाजक

**वेलकम इंडिया**

बहराइच के गांव बिलहरी का रहने वाला शोएब नाम का युवक मुंबई से निजामुद्दीन जाने वाली ट्रेन का इंतजार कर रहा था गलती से उसने गलत ट्रेन पकड़ ली उसने गुजरात वाली ट्रेन पकड़ ली सफर के दौरान इसके साथ कुछ लोगों ने सूरत में बहुत भयानक घटना को अंजाम दिया और वो लोग भी सूरत में ही ट्रेन पर चढ़े थे और पीड़ित का कहना है कि सूरत में ही कुछ लोगों ने उसे मारा पीटा और यही नहीं उसे इतना मारा और उसकी दो उंगली तक काट दी , पेट के अंदर तक उसके गुप्तांग के रास्ते से सावर पाइप तक डाल दिया जिस कारण उसका बहुत खून बहा इसके बाद कुछ लोगों ने इसकी मदद की और इसको






दिल्ली की ट्रेन में बैठा दिया इसकी हालत को देखते हुए गाजियाबाद मैं पहुंच के इसको गाजियाबाद कौशांबी स्थित यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर इसका छोटा भाई देखरेख कर रहा है जिसका कहना है हम बहुत गरीब लोग है इसके घर में यही एक कमाने वाला सदस्य था जिसके साथ अज्ञात लोगों ने सूरत में इस पूरी घटना को अंजाम दिया है,फिलहाल इसके पेट का ऑपरेशन कर गुप्तांग से सावर रौड निकाली तो गई यहां तक की डॉक्टर ने इसके इलाज को भी मना कर दिया था प्राथमिक१ दर्ज और एमएलसी होने के बाद इसको एडमिट किया गया है जिसको गाजियाबाद के कौशांबी यशोदा हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है अभी पीड़ित वेंटिलेटर पर है अब इसके मां-बाप लगातार न्याय की गुहार लगा रहे हैं फिहाल उत्तर प्रदेश पुलिस प्राशासन को मामले का संज्ञान लेके ऊचित कारवाही करनी चाहिए।

# 9 साल से फरार चेयरमैन का भाई पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** किठौर पुलिस ने सोमवार को शाहजहांपुर नगर पंचायत चेयरमैन वसी उर्र रहमान के भाई रजी को गिरफ्तार किया है। उस पर 2016 में दर्ज जानलेवा हमले के मामले में वांछित होने का आरोप है। नौ साल से फरारी काट रहे आरोपी को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नहर के पास घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। अदालत उसके खिलाफ लगभग 25 गैर-जमानती वारंट जारी कर चुकी थी, लेकिन अब तक वह पुलिस की पकड़ से बाहर था। दरअसल, वर्ष 2016 में तत्कालीन चेयरपर्सन राना खान के भाई पर हमला हुआ था। इस घटना में चेयरमैन वसी उर्र रहमान और उसके भाइयों पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज हुआ था। तभी से आरोपी फरार थे। रजी की गिरफ्तारी की भनक लगते ही चेयरमैन और उसका एक और भाई घर से फरार हो गए। पुलिस अब दोनों की तलाश में दबिश दे रही है। गौरतलब हो कि इस केस में चेयरमैन के दो अन्य भाई–हिफजू रहमान और शहजर–पहले ही जेल की हवा खा चुके हैं। करीब छह माह जेल में रहने के बाद उन्हें हाईकोर्ट से जमानत मिली थी।

# आचार्य पीठ में 51 वां अष्ट-दिवसीय श्रीमद्भागवत जयंती व श्रीराधा जन्म महोत्सव 31 अगस्त से

**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)**

**वृन्दावन।** सेवाकुंज-इमलीतला क्षेत्र स्थित श्रीआचार्य पीठ में श्रीमद्भागवत सेवा संस्थान (रजि.) के तत्वावधान में अष्टदिवसीय श्रीमद्भागवत जयंती एवं श्रीराधा जन्म महोत्सव आचार्य पीठाधीश्वर भागवत भूषण स्वामी यदुनंदनाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य 31 अगस्त से 07 सितंबर 2025 पर्यन्त अत्यन्त श्रद्धा व धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है।



जानकारी देते हुए डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि बैकुंठवासी स्वामी ब्रजरमाणाचार्य महाराज की पावन स्मृति में एवं आचार्य पीठाधीपति रामानुज सम्प्रदायाचार्य, बैकुंठवासी स्वामी किशोरीरमाणाचार्य महाराज की सद्प्रेरणा से आयोजित होने वाले इस अष्टदिवसीय महोत्सव का शुभारंभ 31 अगस्त को प्रातः 7 बजे गणपति पूजन, कलश स्थापना व प्रियाजी का महाभिषेक विषेशार्चन के साथ होगा।तत्पश्चात 31 अगस्त से 07 सितंबर तक नित्यप्रति प्रातः 7 से 12 बजे तक वेदज्ञ विद्वानों के द्वारा श्रीमद्भागवत मूल पारायण पाठ किया जायेगा।तत्पश्चात अपराह्न 4 बजे से सायं 7 बजे तक आचार्य पीठ के युवराज वेदान्त आचार्य महाराज अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा देश-विदेश से आए समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक प्रवचन श्रवण कराएंगे।इसके अलावा इस आयोजन में सत्यनारायण भगवान की तुलसी अर्चना, विष्णु सहस्त्रनाम पाठ एवं श्रीमद्भगवतगीता पाठ आदि के अनुष्ठान भी संपन्न होंगे। डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि 07 सितम्बर को अपराह्न 3 बजे से बधाई गायन एवं वृहद संत-विद्वत सम्मेलन आयोजित किया गया है। श्रीरामानुज सम्प्रदाचार्य जगद्गुरु स्वामी अनिरुद्धाचार्य महाराज की अध्यक्षता में आयोजित वृहद सन्त सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में जगद्गुरु कार्ष्णि स्वामी गुरु शरणानंद महाराज के अलावा देश के कई प्रख्यात संत, विद्वान और धमार्चार्य आदि भाग लेंगे।

# सै0 अमीर अली शहीद र0 अ0 का 175वा उर्स का आरंभ 20से

**फतेह खान**

- मेले की तैयारी पूरी, श्रद्धालुओं के लिए फ्री चिकित्सा, बिलजी, पानी की व्यवस्था
- 22 अगस्त को कुल कार्यक्रम के पश्चात मेले का समापन हो जाएगा।

**शुजागंज अयोध्या।** कोतवाली रूदौली क्षेत्र के अंतरंग रहीमगंज, हलीम नगर नई सराय में सुप्रसिद्ध हजरत मौलवी अमीर अली शहीद र0 अ0 का 175वा सालाना उर्स की तैयारी पूर्ण रूप से हो चुकी है, उर्स की शुरूआत समाजवादी पार्टी के पूर्व राज्यमंत्री/पूर्व विधायक सैयद अब्बास अली जैदी उर्फ रुश्दी मियां मौलवी साहब की दरगाह पर चादर चढ़कर करेंगे। मेले लगभग दर्जनों जनपद से श्रद्धालु (जायरीन) जियारत करने के लिए आयेंगे, स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी। मेले में बच्चों के मनोरंजन हेतु नाना प्रकार के सर्कस झूला एवं खिलौने की दुकान भी मेले आई है।मेला प्रबंधक सपा के युवा नेता समीर खान सांभा ने बताया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु मुफ्त बिजली, मुफ्त चिकित्सा, दवाइयों का वितरण किया जाएगा। यही नहीं श्रद्धालुओं को फ्री में पेयजल की भी व्यवस्था कराई गई है,श्री सांभा ने कहा कि 20 अगस्त को चिरागदान कार्यक्रम,21 अगस्त गागर, एवं 22 अगस्त को कुल कार्यक्रम के पश्चात मेले का समापन हो जाएगा।

# नियम के विपरीत प्राथमिक विद्यालय चंद्रभानपुर को ख्वाजापुर ग्राम पंचायत में किया गया मर्ज

**वेलकम इंडिया रणविजय सिंह**

*शासन की मंशा थी कि जिन विद्यालयों में 50 से कम बच्चों की संख्या होगी इस विद्यालय को मर्ज किया जाएगा। लेकिन फिर भी संबंधित अधिकारियों के लापरवाही के चलते मर्ज करने के बाद इस विद्यालय में बाल वाटिका को संचालित किया जा रहा है। जबकि प्राथमिक विद्यालय चंद्रभानपुर से प्राथमिक विद्यालय ख्वाजापुर की दूरी 1 किलोमीटर से भी अधिक होगी। प्रधानाध्यापक सुशील कुमार ने बताया उन्होंने इसकी लिखित सूचना कई बार खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर दी।*

**सिद्धौर बाराबंकी।** विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय चंद्रभान पुर को ख्वाजापुर ग्राम पंचायत में मर्ज किया गया? था।जबकि विद्यालय में 53 बच्चे भी दर्ज हैं। शासन की मंशा थी कि जिन विद्यालयों में 50 से कम बच्चों की संख्या होगी इस विद्यालय को मर्ज किया जाएगा। लेकिन फिर भी संबंधित अधिकारियों के लापरवाही के चलते मर्ज करने के बाद इस विद्यालय में बाल वाटिका को संचालित किया जा रहा है। जबकि प्राथमिक विद्यालय चंद्रभानपुर से प्राथमिक विद्यालय ख्वाजापुर की दूरी 1 किलोमीटर से भी अधिक होगी। प्रधानाध्यापक सुशील कुमार ने बताया उन्होंने इसकी लिखित सूचना कई बार खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर दी। लगातार आश्वासन मिलने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मेरे विद्यालय में 53 बच्चें में से 10 से 12 बच्चे ही ख्वाजापुर जाते हैं बाकी बच्चे विद्यालय नहीं जाते हैं। अभिभावकों का कहना है कि इतनी दूर अपने बच्चों को नहीं भेजेंगे।राजा बाग मजरे चंद्रभानपुर में लगभग 25 बच्चे पढ़ने आते थे, जो सभी दलित वर्ग के हैं, उन्होंने पढ़ाई बंद कर दी।इस सम्बन्ध में खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार उपाध्याय का कहना है कि जब विद्यालय मर्ज की रिपोर्ट भेजी गई थी तब उस विद्यालय में मात्र 46 बच्चे थे बाद में 53 बच्चों की संख्या हुई है इसकी रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 21 शिकायतें की गई दर्ज

**वेलकम इंडिया सचिन गुप्ता**

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 21 शिकायतें दर्ज की गईं। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस दिवस में 3 शिकायतों का निस्तारण हो सका।राजस्व विभाग से सर्वाधिक 8 शिकायतें सामने आईं। पूर्ति विभाग से 6, पुलिस और विकास विभाग से 3-3 तथा विद्युत विभाग से 1 शिकायत दर्ज हुई। निस्तारण की गई 3 शिकायतों में राजस्व विभाग की 2 और पूर्ति विभाग की 1 शिकायत शामिल है। पुलिस, विकास और विद्युत विभाग की कोई भी शिकायत का समाधान नहीं




हुआ।उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने सभी विभागों के अध्यक्षों को शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का ऐसा समाधान किया जाए कि वे दोबारा न आएं।दिवस में तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा, खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता, लोकनिर्माण विभाग के सहायक अभियंता एडीसन सिंह, सीडीपीओ अर्चना वर्मा और नायब तहसीलदार दिनेश पांडे सहित राजस्व निरीक्षक व लेखपाल उपस्थित रहे।

# जनता दरबार मे दर्जा मंत्री अपर जिलाधिकारी और सीडीओ ने सुनी जनसमस्याएं

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,तहसील गरुड़ में जनता के शिकायतों का निस्तारण करने हेतु जनता दरबार आयोजित किया गया। इस दौरान दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, अपर जिलाधिकार एन एस नबियाल, मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी ने लोगों की समस्याओं को सुना। जनता दरबार में सड़क, बिजली, पानी एवं आवास संबंधी 23 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें से अधिकांश शिकायतों का सीडीओ और अपर जिलाधिकारी ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित कर समस्याओं का समाधान कर दिया। जबकि शेष मामलों पर त्वरित कार्यवाही हेतु संबंधित



अधिकारियों को निर्देशित किया गया। शिकायतों में प्रमुख रूप से अचखेत में बिजली की तारों का परिवर्तन, गलई में सड़क की दीवार गिरने से भवन को हुए खतरे की समस्या, गरुड़ में पेयजल आपूर्ति, कन्धारझपरकोटी मोटर मार्ग का मरम्मतीकरण, व्हीलकुलवान में वर्षा से क्षतिग्रस्त भवन, ग्वालदेझमच्छिया बगड़ मोटर मार्ग की जांच, प्राथमिक विद्यालय गेरलेख में शिक्षक की नियुक्ति, तेलीहाट में हर घर जल योजना के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति न होना, जखेड़ा में पैदल मार्ग सुधारीकरण, गनीगांव में विद्युत लाइन सुधारीकरण तथा नौगांव में भवन की दीवार क्षति जैसी समस्याएँ शामिल रहीं।अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी लंबित समस्याओं का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके।

इस अवसर पर नव निर्वाचित जिपं अध्यक्ष शोभा आर्या,ब्लॉक प्रमुख किशन बोरा,एसडीएम प्रियंका रानी सहित जिपं सदस्य जनार्दन लोहुमी, जलनिगम ईई रवि कुमार, जलसंस्थान के ईई सीएस देवड़ी,बीईओ कमलेश्वरी मेहता, नगर पंचायत ईओ अनुज कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सत्ता के बल पर लोकतंत्र की हत्या करने और नेता प्रतिपक्ष सहित उपनेता और कांग्रेस समर्थित जिपं सदस्यों के अपहरण करने पर कांग्रेस खफा

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में नैनीताल जिले में कांग्रेस समर्थित जिपं सदस्यों को सत्ता की हनक में गलत तरीके से अव्यवहारिक तरीके से गलत तरीके से कथित धांधली कर जबरन जिपं सदस्यों का अपरहण कर कांग्रेस नेताओं के साथ हुए दुर्व्यवहार के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं ने एसबीआई तिराहे परएकत्रित होकर प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने भाजपा सरकार को लोकतंत्र का गला घोंटने का काम करने वाली सरकार बताया। और सत्ता की हनक में सिस्टम का दुरुपयोग कर कांग्रेस समर्थित जिपं सदस्यों को जबरन अपहरण करने के आरोप लगाते हुए मामले की निंदा की।विरोध जताते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में इस तरह के कृत्य को संवैधानिक व्यवस्था का अपमान बताया।कहा कि ऐसा होने नहीं दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला के नेतृत्व में कार्यकर्ता एसबीआई तिराहे एकत्रित हुए औरभाजपा सरकार का पुतला दहन किया । यहां हुई सभा में वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकताओं ने कहा कि नैनीताल जिले में हुए पंचायत चुनावों में सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया है। कांग्रेस कार्यकताओं का आरोप है कि उनके प्रतिनिधियों का हथियारों के बल पर अपहरण किया गया।सब कुछ खुलेआम सिस्टम के साथ मिलीभगत किया गया।पर अधिकारियों द्वारा चुप्पी साधी गई। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ध्वस्त करने का यह कृत्य बेहद निंदनीय है और कांग्रेस इसका कड़ा विरोध करती है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, विधायक सुमित हृदयेश और पूर्व विधायक सुमित आर्य के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट तक की गई।साथ ही दबंगई दिखाते हुए चुनाव आचार संहिता में ब्लाक प्रमुख के चुनाव में दबंगई दिखाते हुए पुलिस की मौजूदगी में खुलेआम गोली चलाकर डराने की कोशिश की गई।साथ ही अपने समर्थित जिपं सदस्यों के साथ कांग्रेसी नेता उन्हें भाजपा की सत्ता की हनक में जबरन उन्हें अपहरण से बचाने के चक्कर में वोटिंग से पूर्व गुप्त स्थान पर ले गई थी।पर सिस्टम की मिलीभगत और नौकरशाहों द्वारा सरकार के दबाव में काम कर भाजपा को फायदा पहुंचाने का काम किया गया।साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ हुए अपमान को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने सिस्टम सरकार की मिलीभगत के खिलाफ न्यायालय में लोकतंत्र की रक्षा हेतु पंचायत चुनाव की पूरी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।वही राज्यपाल महोदय के नाम भी ज्ञापन देकर निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने जमकर सरकार विरोधी नारे लगाए। पुतला दहन करने वालों में जिलाध्यक्ष भगवत डसीला, बालकृष्ण टम्टा, सुनील भंडारी,किशन कठायत,हरीश त्रिकोटी, गीता रावल, बलवंत राम, विनोद पाठक,केदार राम, भीम कुमार, नवल किशोर, प्रेम राम, ईश्वर पांडे,बसंत पांडे,गणेश कुंवर, नवीन साह नरेंद्र कार्की आदि मौजूद रहे।

# डीएम एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं,37 शिकायतों में से 5 का निस्तारण

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**इटवा/सिद्धार्थनगर।** इटवा तहसील में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने अधिकारियों को जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन और उपजिलाधिकारी इटवा कुणाल समेत जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।जिलाधिकारी ने पिछले समाधान दिवस की शिकायतों की समीक्षा की। लंबित मामलों के लिए जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके पर जांच के निर्देश दिए। भूमि विवादों को प्राथमिकता से निपटाने को कहा। इस बार कुल 37 शिकायतें मिलीं। इनमें 18 राजस्व विभाग, 5 पुलिस विभाग, 4 विकास विभाग, 1 कृषि विभाग और 9 अन्य विभागों से जुड़ी थीं। राजस्व विभाग के 5 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। बाकी मामलों को तीन दिन में निपटाने के आदेश दिए गए। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि प्रकरण लंबित पाए जाने पर संबंधित अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई होगी। कानूनगो और लेखपालों को भूमि संपत्ति और विवाद रजिस्टर अपडेट रखने के निर्देश दिए। हर मामले की जांच मौके पर जाकर करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता और विपक्षी, दोनों की मौजूदगी में निष्पक्ष जांच की जाए। आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों को भी गंभीरता से लेकर समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी सतीश सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, तहसीलदार इटवा, तहसील इटवा क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी, सीडीपीओ एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**कपिलवस्तु/ सिद्धार्थनगर।** कपिलवस्तु थाना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सिबली उर्फ साहेब जान बिहार के पश्चिमी चम्पारण जिले के मटियरिया थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई हुई। क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान की निगरानी में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के नेतृत्व वाली पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ा।आरोपी ने कपिलवस्तु क्षेत्र की एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया था। घटना के बाद से वह फरार था। टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया। कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने कहा कि जनपद में मासूमों के खिलाफ अपराध करने वालों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# रिफाइनरी पुलिस और आबकारी विभाग ने 285 लीटर देशी शराब कराई नष्ट



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/ रिफायनरी।** उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के द्वारा थानों पर लम्बित मालों के निस्तारण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक नगर राजीव कुमार के निर्देशन व श्वेता वर्मा क्षेत्राधिकारी रिफाइनरी के पर्यवेक्षण मे थानाध्यक्ष रिफाइनरी अजय वर्मा व हेड मोहर्रिर सत्यवीर सिंह द्वारा अथक प्रयास करते हुए वर्ष 2023 से 2025 तक अभियोगो से सम्बन्धित आबकारी अधिनियम के 41 लम्बित मालों का न्यायालय के आदेशानुसार गठित टीम के समक्ष विनिष्टीकरण किया। माल विनिष्टीकरण की कार्यवाही अजय वर्मा थानाध्यक्ष थाना रिफाइनरी, प्रदीप कुमार दुवे अभियोजन अधिकारी, निहान्त यादव आबकारी निरीक्षक, आशीष कुमार न्यायालय क्लर्क जेएम- 2, सत्यवीर सिंह हेडमोहर्रिर थाना रिफाइनरी द्वारा की गयी।

# जिलाधिकारी ने कहा शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरते अधिकारी

**विजय द्विवेदी वेलकम इंडिया**



**प्रतापगढ़ ।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में तहसील रानीगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। रानीगंज तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 144 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 19 शिकायते इस प्रकृति की पायी गयी जिनका डीएम ने मौके पर निस्तारण कराया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 144 शिकायतों में से 80 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 28, विकास विभाग से 13, स्वास्थ्य विभाग से 01 एवं 22 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार द्वारा सुना गया। शिकायकर्ता राम सिंह निवासी नरायनपुर कला तहसील रानीगंज ने शिकायत किया कि प्रदीप कुमार के प्रार्थना पत्र सन्दर्भ संख्या 18223 पर स्थानीय लेखपाल सुशील तिवारी व कानूनगो अफरोज आलम द्वारा बिना स्थल के निरीक्षण किये अपनी आख्या प्रस्तुत कर दिया है। शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया कि गाटा संख्या 815ट जो सड़क पर स्थित है। गाटा संख्या 815 में प्रदीप कुमार के पूर्वाधिकारी के द्वारा जो जमीन क्रय की गयी है, सड़क से काफी दूर है जो बैनामे की चौहद्दी के साफ है। प्रदीप कुमार के द्वारा प्रार्थना पत्र पूर्णतया असत्य कथनों के आधार पर किया है। सड़क के किनारे की भूमि गांवसभा की भूमि रही है। भूमि में नियमानुसार पट्टा भी प्रदान किया गया है व दी गयी आख्या में प्रदीप कुमार के प्रभाव में आकर विरोधाभाषी कथन करते हुये स्थानीय लेखपाल सुशील तिवारी व कानूनगो अफरोज आलम द्वारा बिना स्थल का मौके पर सत्यापन किये बिना पूर्व में दी गयी आख्याओं को अवलोकन किये दिनांक 07.07.2025 को आख्या प्रदीप कुमार के प्रभाव में आकर आख्या प्रस्तुत किया है जो निराधार है। ग्रामसभा की भूमि पर अतिक्रमण/निर्माण करने से रोका जाये। इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने स्थानीय लेखपाल सुशील तिवारी को कड़ी फटकार लगायी और उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि प्रकरण की जांच कर शिकायत का निस्तारण कराया जाये।

इसी प्रकार शिकायतकर्ता विजय कुमार निवासी रामापुर थाना फतनपुर ने शिकायत किया कि विपक्षी राम समुझ बिन्द जबरियन गुन्डई के दम पर प्रार्थी की भूमिधरी पर पक्की बाउण्ड्री बना लिये है। प्रार्थी के कहने व सुनने पर विपक्षी आमादा फौजदारी पर उतारू हो जाते है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी रानीगंज को निर्देशित किया कि प्रकरण की जांच कर शिकायत का निस्तारण करायें। इसी प्रकार सम्पूर्ण समाधान में प्राप्त अन्य शिकायतों के सम्बन्ध डीएम ने उपजिलाधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों हस्तगत करते हुये निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाये।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा



**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** खेसरहा थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मामलें में वांछित आरोपी को दबोच लिया। युवक पर शादी का झांसा देकर यौन उत्पीड़न का आरोप है। पूछताछ करने के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय रवाना कर दिया।

एसओ खेसरहा अनूप कुमार मिश्र के मुताबिक क्षेत्र के एक गांव निवासी एक परिवार की ओर से तहरीर देकर आरोप लगाया गया कि उसकी बेटी को शादी को झांसा देकर युवक ने दुष्कर्म किया है। लड़की नाबालिग है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम लगी थी। सोमवार को मुखबिर से जानकारी मिली कि क्षेत्र के लक्ष्मीगंज तिराहे पर आरोपी मौजूद है। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ के बाद न्यायालय रवाना कर दिया गया।

# बांके बिहारी मंदिर में वीआईपी कल्चर रहा हावी, मंगला आरती में रोक दिए श्रद्धालु, पुलिस ने ही तोड़े दिए नियम

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/व्रन्दावन।** श्रीबांकेबिहारी मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर वर्ष में एक बार होने वाली मंगला आरती में इस बार कुछ अलग ही दृश्य देखने को मिला। आरती में केवल 600 लोगों को ही अनुमति दी गई थी। केवल पासधारक ही पहुंचे, लेकिन मंदिर में तमाम पुलिसकर्मी और उनके स्वजन आरती में शामिल हो गए। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे देखकर लग रहा है कि आरती के दौरान मंदिर में दो हजार से अधिक लोग मौजूद रहे। भीड़ के कारण खुद अधिकारी भी फंसे हुए नजर आए। उन्हें निकालने के लिए पुलिसकर्मियों को जद्दोजहद करनी पड़ी। फेसबुक पर ब्रजवासी तरह-तरह के कमेंट्स भी लिख रहे हैं। पुलिस प्रशासन के इस रवैये का विरोध भी हो रहा है।

जब मंदिर में ठाकुर जी का पर्दे की ओट में अभिषेक और मंगला आरती होती है तो मंदिर के अंदर सेवायत श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाते हैं, लेकिन इस बार सेवायतों ने ऐसा नहीं किया। मंदिर के उपप्रबंधक उमेश शर्मा ने बताया कि इस बार भी मंदिर के सेवायत ब्रजेश गोस्वामी से कथा सुनाने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने कह दिया कि मंदिर में आम श्रद्धालुओं को कथा सुनाई जाती है। जब वह ही नहीं तो कथा किसे सुनाएं।

# गीता शोध संस्थान के बच्चों का 'तिरंगा तुझको मेरा प्रणाम' गीत पर मंचन

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा संचालित गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के प्रशिक्षु बालक-बालिकाओं ने बीसीए कॉलेज के श्यामाचरण सभागार में भव्य प्रस्तुतियां दीं। जिलाधिकारी के आदेशानुसार आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में अकादमी के निदेशक प्रो. दिनेश खन्ना के निर्देशन में लगभग तीन दर्जन बच्चों ने ₹भ्रमर गीत₹ का मंचन कर उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह प्रस्तुति आगामी जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में भी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी। इसके साथ ही बच्चों ने साहित्यकार अनीता चौधरी द्वारा रचित चर्चित गीत ह्लतिरंगा तुझको मेरा प्रणामह्व को नृत्य और सामूहिक गायन के साथ प्रस्तुत कर देशभक्ति की अलख जगाई। ये कार्यक्रम तैयार कराने में समन्वयन चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार (कोऑर्डिनेटर, गीता शोध संस्थान) का रहा। मंचन में आकाश शर्मा, मनमोहन कौशिक, दीनानाथ एवं सुनील पाठक ने संगति दी। रितु सिंह ने वस्त्र विन्यास किया, जबकि मोहिनी कृष्ण दासी ने मंचन का सह-संयोजन और समन्वयन किया। बच्चों को नृत्याभ्यास रोचन शर्मा ने कराया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बच्चों की देशभक्ति की प्रस्तुति की सराहना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, जनपद के वरिष्ठ अधिकारी तथा प्राचार्य ललित मोहन सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन जिला प्रशासन की ओर से जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे द्वारा किया।

# सहकारी समितियों का कृषि मंत्री ने किया निरीक्षण

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश सरकार यूरिया की निर्बाध आपूर्ति का दावा कर रही है। लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट है। सोमवार शाम कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने लोटन, सिकरी और बर्डपुर क्षेत्र की कई दुकानों व सहकारी समितियों का निरीक्षण किया।

उन्होंने स्टॉक और वितरण रजिस्टर देखे, किसानों से फोन पर बात की और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी किसान को खाद के लिए परेशान न होना पड़े।निरीक्षण के बाद ढहऊ रेस्ट हाउस (जेल रोड) में हुई बैठक में मंत्री ने डीएम डॉ. राजा गणपति आर को निर्देशित किया कि सभी निजी और सहकारी दुकानों को नियमानुसार खाद आवंटित की जाए और नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि कालाबाजारी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी। मंत्री का निरीक्षण खत्म होते ही किसानों ने कृषि विभाग पर गंभीर आरोप जड़े। किसानों का कहना है कि गोदामों पर स्टॉक दिखाया जाता है। रजिस्टर भर दिए जाते हैं। लेकिन रातों-रात ट्रैक्टर और पिकअप से खेप नेपाल पहुंचा दी जाती है।नेपाल में यूरिया से शराब बनाने के कारण इसकी भारी मांग है। किसान बोले- सरकार यूरिया भेज रही है, किसान लाइन में खड़े हैं और यूरिया नेपाल में बिक रही है। यह किसी एक दुकानदार का नहीं, पूरे सिस्टम का खेल है। किसानों ने जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल पर आरोप लगाया कि रोजाना कृषि विभाग के अधिकारी रजिस्टर सत्यापित करते हैं। फिर भी तस्करी थमी नहीं। किसानों ने पूछा- अगर विभाग की जानकारी के बिना यह सब हो रहा है तो फिर जांच किसकी लापरवाही पर हो। हाल ही में जिलाधिकारी ने पांच दुकानों पर कार्रवाई की थी और एक का लाइसेंस निरस्त कराया था। लेकिन इसके बावजूद कालाबाजारी का सिलसिला नहीं थमा।




# जिलाधिकारी ने तहसील मांट के ग्राम पंचायत डाँगौली में स्थापित बाढ़ चौकी का निरीक्षण किया

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने तहसील मांट के ग्राम पंचायत डाँगौली में स्थापित बाढ़ चौकी का निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ चौकी में उपलब्ध मूल-भूत सुविधाएं का अवलोकन किया एवं परिसर का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने राहत एवं बचाव कार्य के विभिन्न उपकरणों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही को निर्देश दिए कि बाढ़ चौकियां का निरंतर निरीक्षण करते रहे। जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से भ्रमणशील रहकर बाढ़ से संबंधित निरीक्षण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही को निर्देश दिए कि लेखपाल एवं ग्राम सचिव की ड्यूटी लगाई जाए। क्षेत्र में पुलिस निरंतर गश्त करती रहे तथा सभी की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखे। ग्राम प्रधान, सचिव, लेखपाल तथा तहसीलदार को निर्देश दिए कि जलभराव एवं पानी से प्रभावित फसलों का सर्वे गुणवत्तापूर्वक सुनिश्चित करे। वर्षा के दृष्टिगत क्षतिग्रस्त मकानों के परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करे तथा उनके मुआवजे की कार्यवाही हेतु शीघ्र कार्य करे। सभी का सर्वे किया जा रहा है तथा ससमय मुआवजा देने की कार्यवाही की जा रही है।

# बरेली में जलशक्ति मंत्री ने अफसरों को दिए नहरों को कब्जामुक्त कराने और बरसात का पानी बचाने के निर्देश

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** बरेली दौरे पर पहुंचे जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विभागीय अफसरों के साथ मैराथन बैठकें कर बाढ़ और सिंचाई कार्यों की समीक्षा की। मंत्री ने अफसरों को साफ चेतावनी दी कि नहरों पर हो रहे अतिक्रमण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। साथ ही बरसात के पानी को बचाने और उसे संचयन के तौर पर इस्तेमाल करने पर जोर दिया। सोमवार को मंत्री ने पहले विभागीय अफसरों के साथ बैठक की, जहां रामगंगा और उसकी सहायक नदियों के जलस्तर पर चर्चा हुई। अफसरों ने जानकारी दी कि बरेली में बाढ़ खंड द्वारा 9 पर कटान निरोधक प्रोजेक्ट पूरे किए गए हैं, जिससे कई गांव और तटबंध सुरक्षित हुए हैं। मंत्री ने तटबंधों की सख्त निगरानी करने और मौके पर ड्यूटी बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके बाद मंत्री ने सिंचाई कार्यशाला बरेली का स्थलीय निरीक्षण किया। यहां बैराजों के गेटों का फेब्रिकेशन कार्य देखा। इस दौरान अधिशासी अभियंता यश कुमार गर्ग, अधीक्षण अभियंता विजय कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री ने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सर्किट हाउस में अफसरों संग बैठक में जलशक्ति मंत्री सख्त नजर आए। उन्होंने कहा कि नहरों के टेल तक पानी हर हाल में पहुंचे, अफसरों ने बताया कि इस बार पानी अंतिम छोर तक पहुंच चुका है। मंत्री ने दो टूक कहा कि जिन नहरों पर अतिक्रमण है, उन्हें तुरंत खाली कराया जाए।उन्होंने किच्छा बैराज से जुड़े कार्यों को गति देने का निर्देश भी दिया। साथ ही कहा कि अब समय आ गया है जब वर्षा जल संचयन पर खास ध्यान दिया जाए। मंत्री ने साफ किया कि विकास कार्यों में कोताही बरतने वाले अफसर बख्शे नहीं जाएंगे और जनता को राहत देने वाले काम समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं।

# परचम कुशाई की रस्म के साथ 107वें उर्स-ए-रजवी का आगाज, रजा-रजा गूंज उठा शहर

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** आला हजरत फाज़िले बरेलवी के 107वें उर्स-ए-रजवी की शुरूआत सोमवार शाम परचम कुशाई की रस्म के साथ हो गई। जैसे ही दरगाह-ए-आला हजरत पर रजवी परचम लहराया, फि जा नारे तकबीर और मसलक-ए-आला हजरत जिंदाबाद के नारों से गूंज उठी।इस मौके पर दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती, सज्जादानशीन मुफ़्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) की सदारत और सय्यद आसिफ मियां की देखरेख में उर्स की सभी रस्में अदा की जा रही हैं। परचमी जुलूस रिवायती रास्तों से होते हुए दरगाह पहुंचा और सलामी देने के बाद इस्लामिया मैदान लौट आया। सोमवार रात 9 बजे से महफि ल-ए-मिलाद का आयोजन होगा, जिसमें हाजी गुलाम सुब्हानी और आसिम नूरी समेत अन्य कलाम पेश करेंगे। रात 10:35 बजे हुज्जतुल इस्लाम मुफ़्ती हामिद रजा खान (हामिद मियां) के कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। वहीं सज्जादानशीन अहसन मियां की सदारत में देर रात तक नातिया मुशायरा चलेगा। इसमें मुफ़्ती आकि ल रजवी, मुफ़्ती जमील, मुफ़्ती सलीम नूरी, मुफ़्ती कफील हाशमी, मुफ़्ती मोइनुद्दीन, मौलाना डॉक्टर एजाज अंजुम समेत कई नामी उलेमा व शायरों ने कलाम पेश करेंगे। 19 अगस्त मंगलवार सुबह फज्र की नमाज के बाद कुरानख़्वानी और सुबह 9:58 बजे रेहाने मिल्लत और 10:30 बजे मुफस्सिर-ए-आजम के कुल शरीफ की रस्म होगी।इसके बाद आपसी सौहार्द कॉन्फ्रेंस होगी, जिसमें उलेमा नामूसे रिसालत, मिशन मसलक आला हजरत, समाज सुधार, हिन्दू-मुस्लिम दूरी कम करने और सामाजिक बुराईयों के खात्मे पर चर्चा करेंगे। रात में दुनियाभर के मशहूर उलेमा की तकरीर होगी और रात 1:40 बजे मुफ़्ती-ए-आजम-ए-हिंद के कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी।

# बलरामपुर में वीरांगना अवंती बाई लोधी की जयंती पर 151 कलश यात्रा निकली



**वेलकम इंडिया**

**नरसेना।** विकासखंड ऊंचागांव क्षेत्र के गांव बलरामपुर में रविवार को अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी जी की जयंती पर भव्य कार्यक्रम हुआ। 151 कलशों की शोभायात्रा मुख्य आकर्षण रही, जिसका शुभारंभ राष्ट्रीय सेना संगठन महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष लोधी मीना सिंह वर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि कलश यात्रा आस्था का प्रतीक है और जिस प्रकार कलश की रक्षा की जाती है, उसी तरह बच्चों की शिक्षा के लिए भी समर्पण जरूरी है। राष्ट्रीय सेना संगठन के संस्थापक इंजीनियर लोधी दयाराम सिंह वर्मा ने कहा कि अमर शहीद किसी जाति या धर्म से नहीं बंधे होते, वे केवल देशभक्ति की भावना से प्रेरित होकर मातृभूमि के लिए अपना बलिदान देते हैं। उन्होंने समाज को एकजुट होकर शहीदों की जयंती मनाने का आह्वान किया और बताया कि संगठन 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को मार्गदर्शन, प्रतीक चिन्ह और मेडल देकर सम्मानित करेगा। सूबेदार तेज सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीणों और अतिथियों ने केक काटकर वीरांगना का जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख हीरा सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेश लोधी, रामचरण दरोगा, मुनेश प्रधान, अमित कुमार लोधी, गणेश, इंदल कुमार समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर और धौलाना तीनों तहसीलों में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के निर्देशन में संपूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**





हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर तहसील में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के निर्देशन में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान तहसील दिवस में कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 3 का मौके पर अधिकारियों द्वारा निस्तारण कराया गया। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित जनपदीय सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि माननीय मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार एवं मंशानुरूप तहसील दिवस में प्राप्त शिकायत का समाधान पूर्ण गुणवत्ता से किया जाना चाहिए एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए। उप जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनका निस्तारण समय सीमा के अंदर करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर तहसीलदार हापुड़, पुलिस क्षेत्र अधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।इसके साथ ही हापुड़ तहसील में उप जिला अधिकारी की अध्यक्षता में तहसील दिवस सम्पन्न हुआ जहां पर 20 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 4 का निस्तारण उप जिलाधिकारी द्वारा कराया गया।इसी क्रम में धौलाना तहसील की अध्यक्षता करते हुए अपर जिला अधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतो को सुना। सम्पन्न हुए धौलाना तहसील दिवस में 18 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 2 का निस्तारण किया गया।

# कृष्णजन्माष्टमी : नंद के घर आनंद भयो....



**वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मानेश्वर महादेव मंदिर मानापुर छतेरी ग्रामीण अंचल में शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।'नन्द के घर आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की' चहुंओर अनुगूंज रही। कछवारोड़ के मानापुर गांव में डबलू पुजारी, डबलू तिवारी, लल्लू, आयुष तिवारी, गोलू, संतोष,कार्तिक, पुरू,जुगनू, द्वारा कृष्ण भगवान की भव्य झांकी सजाई गई। किसन तिवारी,अशोक, मन्नू, लल्लू, के नेतृव में धूमधाम से जन्माष्टमी मनाई गई।कृष्ण जन्मोत्सव ।हेतु ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही।इसके अलावा विभिन्न गांवो में कृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही।

# कल्याणी लोक सेवा समिति ने किया चैरिटी फंडरेजर कार्यक्रम का आयोजन

**वेलकम इंडिया**




प्रयागराज, 17 अगस्त 2025 झ कल्याणी लोक सेवा समिति ने रविवार को भव्य चैरिटी फंडरेजर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का विशेष टाइटल थीम ह्लउड़ान झ उम्मीदों के पंखह्व रहा, जिसका संदेश था कि संस्था से जुड़े प्रत्येक सदस्य की आशाओं और सपनों को नई उड़ान और दिशा प्रदान की जाए। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश, प्रयागराज में किसी संस्था द्वारा पहली बार चैरिटी फंडरेजर कार्यक्रम आयोजित किया गया और इसकी शुरूआत कल्याणी लोक सेवा समिति ने की। कार्यक्रम की शुरूआत एक दिव्य और मनमोहक गणेश वंदना नृत्य से हुई, जिसे सुश्री विद्द्या अवस्थी ने बड़े ही भावपूर्ण अंदाज में प्रस्तुत किया। इसके बाद क्रिएटिव एग्जीबिशन स्टॉल्स लगाए गए जिनमें बच्चों, युवाओं और विभिन्न वर्गों के लोगों ने अपने-अपने व्यवसाय और हुनर का प्रदर्शन किया। इन स्टॉल्स ने दर्शकों का खूब ध्यान आकर्षित किया और पूरे माहौल को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण तीज स्पेशल फैशन रैम्प वॉक रहा, जिसमें कई प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपनी प्रस्तुति से समा बाँध दिया। इस प्रतियोगिता में श्रद्धा शुक्ला विजेता रहीं। इसके अतिरिक्त सर्वजातीय सामूहिक विवाह 2025 के सहयोगियों का भी सम्मान किया गया, जिसमें उन्हें सजावटी दुपट्टे व सप्रेम भेंट देकर कर आभार व्यक्त किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में इनरव्हील क्लब मिडटाउन प्रयागराज की अध्यक्षा एवं प्रसिद्ध बिल्डर संजीव अग्रवाल की पत्नी श्रीमती विंती अग्रवाल उपस्थित रहीं। उनके साथ इनरव्हील क्लब मिडटाउन की एडिटर श्रीमती निधि अग्रहरी भी मौजूद थीं, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया।

इस कार्यक्रम के संचालक शिवम त्रिपाठी रहे।इस पूरे आयोजन का सफल संचालन और नेतृत्व कल्याणी लोक सेवा समिति की संस्थापिका/अध्यक्षा श्री रूपाली अवस्थी जी, कोषाध्यक्ष एवं प्रयागराज के मशहूर डांस कोरियोग्राफर श्री सचिन कुमार निषाद जी एवं संस्था के एजुकेशन सेक्टर की हेड सुश्री वैष्णवी अवस्थी ने संयुक्त रूप से किया।

# 10 साल के बालक की हत्या, फुफेरे भाई ने ब्लेड से रेता गला, गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** थाना फतेहगंज पश्चिमी के गांव टिटौली निवासी दस साल के आहिल पुत्र सखावत की शाही क्षेत्र के जंगल में ब्लेड से गला रेतकर हत्या कर दी गई। इस घटना में हत्यारोपी उसका सगा फुफेरा भाई 28 वर्षीय वसीम पुत्र नफीस निकला। हत्यारोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दोनों पैरों में घुटने के नीचे गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। जानकारी मिलने पर रात में ही एसएसपी अनुराग आर्य ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने इस घटना को लेकर बताया है कि रविवार रात करीब साढ़े दस बजे थाने पर सखावत ने बेटे आहिल के शाम पांच बजे से लापता होने की सूचना दी गई थी। जिसके बाद पुलिस टीम आहिल की तलाश में जुट गई। इसी दौरान सखावत के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से दस लाख रुपये की फिरौती मांगने का मैसेज आया। वहीं जांच में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिली, जिसमें आहिल का सगा फुफेरा भाई वसीम उसे बाइक से शाही की ओर ले जाता हुआ दिखा। जांच के बाद वसीम को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने आहिल के अपहरण की बात स्वीकार की। आरोपी ने कहा कि आहिल के पिता यानि कि मामा से दस लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। लेकिन जब उसे पता लगा कि मामा सखावत पुलिस के संपर्क में हैं तो थाना शाही क्षेत्र के गांव विक्रमपुर के जंगल में ले जाकर आहिल की ब्लेड से गला काटकर हत्या कर दी। फिर शव झाड़ियों में छिपा दिया। पुलिस के मुताबिक जब आरोपी वसीम को घटना में इस्तेमाल की गई बाइक और आहिल की हत्या में प्रयोग किए गए ब्लेड की तलाश कराने पुलिस झाड़ियों की तरफ ले गई तो उसने बाइक के बैग से तमंचा निकालकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस ने अपना बचाव कर आत्मरक्षा में फायरिंग की। इससे वसीम के दोनों पैरों में दो गोली लगीं और वह गिर पड़ा। जिसके बाद पुलिस ने घायल हत्यारोपी को अस्पताल में भर्ती कराया।

# जौहरपुर के दंगल ने खेल प्रेमियों को किया अपनी ओर आकर्षित



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** सीबीगंज क्षेत्र के जौहरपुर गाँव में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में विराट दंगल और मेले का आयोजन हुआ, ये दंगल दो दिन तक चला। दूसरे दिन इस दंगल में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार के अग्रज एडवोकेट अनिल कुमार सक्सेना, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा पूरन लाल लोधी, समाजसेवी अशोक आहूजा व रमेश सागर के साथ जितेंद्र गुप्ता और मंडल अध्यक्ष (सीबीगंज) अजय मौर्य उपस्थित रहे। आपको बता दें कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बाद सीबीगंज क्षेत्र के जौहरपुर गाँव में भव्य मेले के साथ दंगल का आयोजन किया जाता है, इसकी जिम्मेदारी श्रीराम अखाड़ा के पंडित प्रेम शंकर शर्मा और पहलवान मनोज शर्मा निभाते हैं, इस दंगल में दूर-दराज से आए हुए पहलवान अपनी पहलवानी के जौहर से दूर दराज से जुटे खेल प्रेमियों को अपनी ओर खूब आकर्षित करते हैं। इस प्रकार के आयोजनों से ग्रामीण खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं को इस दंगल प्रतियोगिता के लिए प्रेरित करने का काम किया जाता है। इस दंगल प्रतियोगिता एवं मेले की व्यवस्था के लिए स्थानीय पार्षद वेदराम मौर्य, पंकज गुप्ता, मुकेश शर्मा, अरविंद साहू, प्रदीप मौर्य, गुलशन गुप्ता आदि क्षेत्रवासी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# राजनाथ सिंह से व्यक्तिगत संबंध,राजा भैया को कारावास का कोई अफसोस नहीं - दिव्य अग्रवाल (लेखक व विचारक)

**वेलकम इंडिया**



राजनाथ सिंह भाजपा के लिए संकटमोचक है इसमें कोई संदेह नहीं जिसकी पुष्टि कुंडा विधायक और जनसत्तादल लोकतांत्रिक के मुख्या रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने भारत समाचार के साक्षात्कार में स्पष्ट रूप से की है। भाजपा पर जब भी संकट आया राजनाथ सिंह ने राजनितिक सम्बन्ध ही नहीं अपितु निजी संबंधों का भी सहयोग लेकर भाजपा को राजनितिक संकट से बाहर निकाला। भारत समाचार के सम्पादक बृजेश मिश्रा ने राजा भैया से एक प्रश्न पुछा की आप तो सदैव निर्दलीय रहे, न भाजपा के सदस्य रहे न सपा के तो राजनाथ सिंह ने आपको भाजपा सरकार बनवाने का दायित्व क्यों दिया और उस दायित्व को पूर्ण करने के कारण जो बसपा की अदावत झेलकर आपको लम्बे समय तक कारावास काटना पड़ा तो क्या उस पर कोई पछतावा होता है। इस पर राजा भैया का उत्तर बहुत ही सहज लेकिन वजनदार, राजा भैया ने कहा राजनाथ सिंह ने व्यक्तिगत संबंधो के चलते हमें यह दायित्व दिया था और व्यक्तिगत संबंधो की पूर्ति हेतु हम किसी भी हद तक जा सकते हैं इसलिए अदावती कारावास काटने का न कोई तब पछतावा था न कोई अब है। राजा भैया जिन्होंने राजनाथ सिंह के कहने पर निजी संबंधो के आधार पर भाजपा के अल्पमत में होते हुए भी भाजपा की सरकार बनाने में न सिर्फ सहयोग किया बल्कि बसपा की नाराजगी के कारण लगभग ढाई वर्ष तक अपने पिता जी, भाई और २५० से अधिक निजी सम्बन्धो के साथ कारावास भी काटना पड़ा वास्तव में राजनीति में रहते हुए निजी संबंधो का असाधारण उदहारण है ।जब भी उत्तर प्रदेश में टिकटों को लेकर कोई नाराजगी हो, किसी संवैधानिक पद जैसे राष्ट्रपति ,उपराष्ट्रपति या राज्य सभा सांसद जैसे चुनाव हों तब भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व राजनाथ सिंह का सहयोग लेकर ही सबको साधने में सफल होता है ।जिसमें राजा भैया जो भाजपा के न होते हुए भी राजनाथ सिंह एवं अन्य व्यक्तियों से निजी सम्बन्ध के आधार पर भाजपा का हर विपरीत परिस्थिति में साथ देते आ रहे हैं, अभिनंदनीय है। राजनाथ सिंह जो भाजपा में संकटमोचन कहे जाते हैं उन्हें उन निजी संबंधों को भी उचित सम्मान देना चाहिए जिन्होंने अपनी चिंता न करते हुए राजनाथ सिंह की बात को सर्वप्रथम महत्व दिया ।आज के समय में जो यह कह सके की निजी संबंधों के लिए हम किसी भी हद तक जा सकते हैं ऐसे संबंध कहाँ मिलते हैं राजा भैया भाजपा और भाजपा मित्रो के लिए उस समय भी एक महत्वपूर्ण सूत्रधार थे जिस समय भाजपा की सत्ता की चाबी विपक्षी दलों ने छीन ली थी। रघुकुल रीत सदा चली आयी प्राण जाय पर वचन न जाये।

# कोतवाली का एसएसपी ने किया वार्षिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं को सराहा, कमियों को दूर करने के निर्देश

**वेलकम इंडिया**



**झाँसी।** सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने मोंठ कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोतवाली परिसर का गहन निरीक्षण करते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं को परखा। अधिकांश व्यवस्थाएँ दुरुस्त पाई गईं, लेकिन जहाँ-जहाँ कमियाँ मिलीं, उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने सबसे पहले शस्त्रागार का निरीक्षण कर हथियारों की स्थिति जाँची। उन्होंने हथियारों के रख-रखाव और उनके संचालन के तरीकों पर हेड मुहर्रिर अजय यादव की विशेष रूप से सराहना की। इसके बाद वे मालखाना, कम्प्यूटर कक्ष और कार्यालय पहुँचे और वहाँ की व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा। महिला हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसएसपी ने महिला संबंधी अपराधों की स्थिति की जानकारी ली और मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला संबंधी शिकायतों पर तुरंत व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पीड़ित महिलाओं को समय पर न्याय दिलाने और संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करने की भी हिदायत दी। एसएसपी मूर्ति ने कोतवाल अखिलेश द्विवेदी की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी नेतृत्व क्षमता और टीम प्रबंधन से पुलिस व्यवस्था मजबूत हुई है। साथ ही उन्होंने उप निरीक्षक रजनीकांत सिंह की हथियारों पर पकड़ और उनकी दक्षता की भी खुलकर सराहना की है।

# स्वतंत्रता दिवस पर 20 छात्र-शिक्षक प्रधानमंत्री के विशेष अतिथि रहे

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** स्वतंत्रता दिवस 2025, सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल(निवाडी) के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। विद्यालय के 20 छात्र एवं शिक्षक 15 अगस्त को लाल किले पर आयोजित भव्य राष्ट्रीय समारोह में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष अतिथि रहे । 14 से 16 अगस्त तक विद्यार्थी विभिन्न गतिविधियां, शैक्षिक चचाओं और प्रोटोकॉल संबंधी कार्यक्रमों में भाग किया। इस दौरान प्रधानमंत्री कार्यालय में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा और प्रेरणादायी सत्रों का अवसर भी प्रदान किया । इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु ने अपने विचारों को साझा करते हुए बताया कि यह पल हमारे विद्यार्थियों के जीवन में सदैव देशभक्ति और नेतृत्व की प्रेरणा जगाएगा। स्कूल प्रबंधक श्री तुषार गुप्ता व डाक्टर शिखा दरबारी ने इस गौरवमयी सम्मान के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और सामाजिक न्याय मंत्रालय का हृदय से आभार व्यक्त किया। जिन्होंने इस गौरव के लिए विद्यालय का चयन किया। सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल, निवाड़ी मोदीनगर के 20 छात्र एवं शिक्षक झ विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण रह।



# मोदीनगर निवासी युद्धवीर कमांडर कपिल कुमार प्रतिष्ठित वीरता पदक से सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर निवासी कमांडर कपिल कुमार को असाधारण वीरता और नेतृत्व क्षमता के लिए नौसेना पदक (वीरता) से सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार रक्षा मंत्रालय द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर प्रदान किया गया। कमांडर कपिल कुमार वर्तमान में भारतीय नौसेना की अग्रिम पंक्ति की पनडुब्बी पर कमान अधिकारी हैं। कमांडर कपिल कुमार पुत्र वीरेंद्र कुमार गुप्ता व्यवसायी , बाग कॉलोनी तिबडा रोड निवासी दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र हैं और 2008 में एनडीए के माध्यम से भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे। उन्होंने पिछले 17 वर्षों में विभिन्न अग्रिम भूमिकाओं में सेवा की है। वीरता पुरस्कार भारतीय नौसेना के साहस, समर्पण और व्यावसायिकता तथा देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा करने वाले कमांडर कपिल कुमार जैसे अधिकारियों की अदम्य भावना का प्रमाण है।कमांडर कपिल कुमार को नौसेना पदक (वीरता) से सम्मानित किए जाने पर किए जाने पर विधायक डॉक्टर मंजू सिवाच,पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, पूर्व अध्यक्ष रामाश्रय शर्मा, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा,पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि विनोद गोस्वामी, शिक्षाविद विनोद महेश्वरी, भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वदेश जैन, डॉ पवन सिंघल, सत्येंद्र त्यागी, अमित चौधरी, देवेंद्र चौधरी, डॉ मुकेश गर्ग, गौरव माहेश्वरी सहित नगर के नागरिकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# रालोद कमजोर वर्ग व दबे कुचले और किसान मजदूर की हितैषी पार्टी है- अमरजीत बिड्डी



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** पाइपलाइन रोड मुरादनगर में रालोद के सभासद जुनैद चौधरी द्वारा सदस्यता अभियान का कार्यक्रम जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी की अध्यक्षता में चलाया गया। इस कार्यक्रम का संचालन हाजी तोहिद ने किया ।सदस्यता अभियान के दौरान काफी लोगों को आज रालोद की सदस्यता दिलवाई। जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने जुनैद चौधरी को मुरादनगर शहर अध्यक्ष का मनोरंजन पत्र सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा रालोद कमजोर वर्ग व दबे कुचले और किसान मजदूर की हितैषी पार्टी है। उन्होंने कहा की ज्यादा से ज्यादा लोग पार्टी से जुड़ें और रालोद के सदस्य बनें। इसके साथ ही उन्होंने जुनैद चौधरी को मुरादनगर अध्यक्ष बनने पर बधाई दी और कहा कि इससे पार्टी को और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ चैयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी' ' पूर्व जिला अध्यक्ष अजय पाल सिंह' क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रोफेशनल मंच अरुण दहिया' विधानसभा अध्यक्ष पंडित अरुण शर्मा' असलम खान जिला महासचिव' फारूक कुरैशी' सलीम खान' हरेंद्र पप्पू' सचिव रईस कुरैशी' भूरे खान' ' सतपाल सलेमाबाद आदि मौजूद रहे।

# वीर बलिदानी भगत सिंह सेवा समिति ने मोदी कॉलेज के प्रधानाचार्य, शिक्षकों छात्रों को सम्मानित किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद में वीर बलिदानी भगत सिंह सेवा समिति मोदीनगर गाजियाबाद के पदाधिकारियों ने विद्यालय के छात्रों द्वारा 23 मार्च 2025 को बलिदान दिवस के अवसर पर उनके द्वारा आयोजित बलिदान दिवस यात्रा में विद्यालय के शिक्षकों प्रधानाचार्य एनसीसी कैडेट्स और स्काउट के द्वारा सक्रिय रूप से प्रतिभाग करने पर आज उनको पटका प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल को पटका ,प्रशस्ति पत्र श्री राम लला की मूर्ति देकर सम्मानित किया गया साथ ही साथ विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी ,राजकुमार सिंह स्काउट एंड गाइड के इंचार्ज दिनेश कुमार, एनसीसी इंचार्ज सीनियर डिवीजन ,राजीव जांगिड़, एनसीसी इंचार्ज जूनियर डिवीजन प्रवीण जैनर, बैंड टीम के प्रभारी, गौरव त्यागी, राष्ट्रीय आय छात्रवृत्ति आधारित परीक्षा के प्रभारी ,अजय कुमार, विद्यालय में सांस्कृतिक टीम की प्रभारी डॉक्टर पूनम वशिष्ठ, संजीव चौधरी कुमारी ज्योति कु आसना,रीना शर्मा आदि सभी को पटका पहना कर सम्मानित किया गया। समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष सपना अग्रवाल ने विद्यालय के प्रधानाचार्य जी आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी तरह से सक्रिय प्रतिभागिता के लिए प्रेरित किया राष्ट्रीय अध्यक्ष सपना अग्रवाल के साथ उनकी टीम के कार्यकारिणी सदस्य पंकज कंसल, विक्रम सिंह अश्विनी गुप्ता, पंकज मित्तल आदि सभी उपस्थित थे ।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने भी समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष सपना अग्रवाल और उनके साथ आए पूरी टीम को पटका और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया साथ ही साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष सपना अग्रवाल को प्रधानाचार्य ने मेधावी छात्र मातृशक्ति सम्मान समारोह 2025 से भी सम्मानित किया विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि हमारे विद्यालय के छात्र ,एनसीसी कैडेट्स ,स्काउट प्रशासन ,विभाग समाज द्वारा आयोजित हर गतिविधि में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं।

# अंश त्रुटि कैंप कार्यक्रम का आयोजन 19 अगस्त से 18 सितंबर तक

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** उप जिलाधिकारी मोदीनगर अजीत कुमार सिंह ने बताया कि तहसील मोदीनगर क्षेत्रान्तर्गत अंश त्रुटि सुधार की प्राप्त हो रही अत्यधिक शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में दिनांक 19.08.2025 से 18.09.2025 को तहसील मोदीनगर में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कृषक अपने अंश सही कराये जाने हेतु ऑन लाईन आवेदन करा सकता है तथा राजस्व अभिलेखों में नाम सही कराने हेतु (साक्ष्यों सहित) आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकता है। जिसका प्राथमिकता पर निस्तारण किया जायेगा। उक्त कैम्प तहसील मोदीनगर सभागार कक्ष में लगाया जायेगा।

## नौकरी लगवाने के नाम पर रुपए ठगने का आरोप

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी एक व्यक्ति ने गांव किवाना निवासी युवक पर सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपए ठगने का आरोप लगाते हुए रुपए वापस मांगने पर मारपीट कर पीड़ित के पैर की हड्डी तोड़ने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी बसंत पुत्र रामपाल ने बताया कि गांव किवाना निवासी युवक ने पीड़ित से सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर तीन लाख रुपए लिए थे। पीड़ित का आरोप है कि एक वर्ष बीत जाने के बाद भी ना तो पीड़ित की नौकरी लगी और ना ही रुपए मिले। सोमवार को पीड़ित अपनी पत्नी मोनिका के साथ आरोपी युवक के घर अपने रुपए मांगने के लिए गया था आरोप है कि तभी आरोपी युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित व उसकी पत्नी के ऊपर मारपीट करते हुए हमला कर दिया और भगा दिया। मारपीट के दौरान पीड़ित की पैर की हड्डी टूट गई पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण करने के बाद थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जूठी हुई है।

## पाइप लीकेज होने से आई मकानों में दरार पालिका ने किया नोटिस जारी

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान में आधा दर्जन से अधिक मकानों में दरार आ गई थी। दरार आ जाने से परिवार के लोगों में हड़कंप मच गया था। सूचना पर पहुंची नगर पालिका परिषद की टीम ने रेस्क्यू कर क्षतिग्रस्त लाइन को ढूंढ कर मरमत का कार्य शुरू किया था। मोहल्ले के दर्जनों लोगों ने उपजिलाधिकारी और पालिका अध्यक्ष को शिकायती पत्र देकर निस्तारण की मांग की थी। मामले में पालिका प्रशासन के द्वारा मोहल्ले के ही वरीस अहमद को मकानों में आई दरार व पालिका की सड़कों में खोदे गए गड्ढो की क्षतिपूर्ति करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। रविवार को मोहल्ला शेखजादगान निवासी अरशद, प्रदीप, अब्दुल्ला, वरिस, शाहनवाज, आरिफ, मिंटू, इनाम, विकास, कासिम, इकराम सहित आदि लोगों ने उपजिलाधिकारी कैराना एवं पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम के नाम एक शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि तीन दिन पूर्व उनके मकानों में हल्की-हल्की दरार आ गई थी। रविवार को अचानक से दरारे काफी फैल गई और मकानों के गिरने का डर सताने लगा। आधा दर्जन से अधिक मकानों में दरार आ जाने से परिवार के लोगों में हड़कंप की स्थिति बन गई थी। सभी लोगों ने शिकायती पत्र देकर निस्तारण की मांग की थी। पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने नगर पालिका की टीम को निस्तारण के निर्देश दिए थे। मौके पर जलकल विभाग के बाबू अकरम अंसारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी मशीन लगाकर खुदाई कराई थी। खुदाई के दौरान नगर पालिका परिषद की टीम ने वरीस अहमद के निजी सबमर्सिबल का पाइप क्षतिग्रस्त पाया था। जिसके कारण मकानों में पानी आ जाने के कारण दरार आई थी। नगर पालिका परिषद की टीम ने रेस्क्यू कर मरम्मत कार्य किया था, तब जाकर मकान स्वामियों ने राहत की सांस ली थी। मामले में पालिक प्रशासन ने वरीस अहमद को मकानों में आई दरारों व पालिका की सड़कों में खोदे गए गड्ढो की क्षतिपूर्ति करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम का कहना है कि जिस व्यक्ति के सबमर्सिबल की वजह से मकानों में दरार आई है, उक्त व्यक्ति को क्षतिपूर्ति के लिए नोटिस जारी किया गया है।

# अधिवक्ता के कार्यालय में हुई चोरी पर बार एसोसिएशन मोदीनगर में आक्रोश, तत्काल कार्रवाई की मांग

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** तहसील परिसर स्थित अधिवक्ता के कार्यालय में हुई चोरी की घटना से अधिवक्ताओं में गहरा आक्रोश व्याप्त है। चोरों ने कार्यालय का ताला तोड़कर महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ नकदी व अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना से न केवल अधिवक्ता समाज आहत है बल्कि न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। बार एसोसिएशन मोदीनगर के अध्यक्ष चौधरी जगवीर सिंह एडवोकेट एवं महामंत्री नकुल त्यागी एडवोकेट ने कहा कि तहसील परिसर में अधिवक्ताओं के चेंबर सुरक्षित नहीं रहना कानून-व्यवस्था की गंभीर विफलता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि चोरी की घटना का शीघ्र खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए तथा चोरी गए सामान की बरामदगी कराई जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो अधिवक्ता समुदाय आंदोलन करने को बाध्य होगा। साथ ही तहसील परिसर में 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरे लगाने की भी मांग की गई।

इस मौके पर एडवोकेट राज कुमार गुप्ता, अमरदीप सिंह नेहरा, मोहित, अनिल चौधरी, आशीष नरेश,रेखा गिरी,सुधीरवसिष्ठ,अजीत कुमार,संजय मुद्गल, महेश यादव, विजय वशिष्ठ भी उपस्थित रहे।

# स्वामी आरोग्य देव ने देश भक्ति भक्ति समाज हित के कार्य करने के लिए के लिए प्रेरित किया

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** भारत की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक पूजनीय स्वामी आरोग्य देव जी महाराज के नेतृत्व में 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर भव्य तिरंगा यात्रा सीकरी माता मंदिर से शुरू हो कर मोदी मंदिर राज चोपला कपड़ा मिल अग्रसेन पार्क होते हुए छाया पब्लिक स्कूल पहुंची। पूजनीय स्वामी आरोग्य देव जी महाराज पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन के सभी पदाधिकारी को देश भक्ति भक्ति समाज हित के कार्य करने के लिए के लिए प्रेरित किया। राजेंद्र कौशिक राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन का मनोबल बढ़ाया और आगे भी बढ़ते रहेंगे तिरंगा यात्रा में भूमिका निभाने वाले पतंजलि सेंटर सीकरी कला पूजनीय स्वामी आरोग्य देव जी महाराज व छाया पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉक्टर अरुण त्यागी व पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, संरक्षक जय नारायण बंसल राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद गैंड ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा राष्ट्रीय संयोजक अनुज कुमार शर्मा मोदीनगर उपाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अंकित शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व फौजी मनोज शर्मा सभी कार्यकताओं ने तिरंगा यात्रा में भूमिका निभाई तिरंगा यात्रा का छाया पब्लिक स्कूल पर समापन हुआ जिसमें 300 कार्यकताओं ने भाग लिया सभी को सम्मानित किया गया।

# दो पक्षो के बीच खूनी संघर्ष, लाइव वीडियो वायरल, आधा दर्जन का चालान

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसीन रहमानी थाना क्षेत्र के गांव गढी दौलत में खेत पर लगाए गए जामुन के पेड़ लगाने व उखाड़ने को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया? खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए जिसका वीडियो किसी ग्रामीण ने इंटरनेट पर प्रसारित कर दिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार कर चालान किया है। थाना क्षेत्र के गांव गढी दौलत निवासी जमशेद और आलिम दोनों खेत के पड़ोसी हैं। जमशेद ने कई दिन पूर्व अपने खेत पर दर्जनों जामुन के पेड़ लगाए थे आलिम पक्ष का आरोप है कि पड़ोसी ने पेड़ खेत की मेड़ से लगाकर लगा दिए, जिस कारण आने वाले दिनों में उसकी फसल को भारी नुकसान होना तय था। सोमवार सवेरे दोनों पक्षों के लोग अपने-अपने खेत पर पहुंच गए आरोप है की आलिम पक्ष के लोगों ने सभी पेड़ उखड़ कर फेंक दिए। जिसको लेकर दोनों पक्षों के लोग हाथों में लाठी डंडे लेकर आमने-सामने आगे और देखते-देखते दोनों पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों के बीच में खूनी संघर्ष का लाइव वीडियो किसी ग्रामीण ने इंटरनेट पर प्रसारित कर दिया। झगड़े में एक पक्ष से इसरान व मेहरबान घायल हो गए तो दूसरे पक्ष से गुलजार एवं मुबारक घायल हुए हैं। दोनों पक्षों के लोगों ने अपना अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध थाने पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए एक पक्ष से मुरसलीन,इमरान, व अनम एंव दूसरे पक्ष से आलिम, राशिद, शाकिर, को गिरफ्तार करते हुए चालान कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी 6 लोगों को गिरफ्तार पर चालान कर दिया है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# ग्राम प्रधान एवं ब्लाक अधिकारियों पर आरोप, वीडियो वायरल

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** विकासखंड क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी एक ग्रामीण ने ग्राम प्रधान एवं ब्लाक अधिकारियों पर शिकायत के बावजूद भी सड़क निर्माण नहीं करने का आरोप लगते हुए वीडियो इंटरनेट पर वायरल करते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर निस्तारण की मांग की है। विकासखंड क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी ग्रामीण अनीस ने सोमवार को एक वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित करते हुए आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान पीड़ित से चुनावी रंजिश रखता है शिकायत के बावजूद भी ग्राम प्रधान एवं ब्लाक के अधिकारी सड़क निर्माण कार्य नहीं कर रहे हैं। बरसात होते ही सड़क पर कीचड़ एवं जल भराव हो जाता है जिस कारण आने जाने वाले ग्रामीण व राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पीड़ित ग्रामीण ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर निस्तारण की मांग की है।

# तीनों तहसीलों में गूंजा सम्पूर्ण समाधान दिवस

## 132 शिकायतें दर्ज, 7 का मौके पर निस्तारण

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शासन के आदेशानुसार माह के प्रथम और तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के तहत जनपद की तीनों तहसीलों मोदीनगर, सदर और लोनी में समाधान दिवस मनाया गया। इस दौरान जनता ने बढ़-चढ़कर अपनी समस्याएं रखीं। कुल 132 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 7 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण तय समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाए। यहाँ कुल 40 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 का निस्तारण तुरंत कराया गया। सदर तहसील में




एडीएम सिटी विकास कश्यप की अध्यक्षता में समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुल 19 शिकायतें सामने आईं और 3 शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। मौके पर एसडीएम अरुण दीक्षित, तहसीलदार और पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। लोनी तहसील में ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम लोनी आईएएस दीपक ने शिकायतें सुनीं। यहाँ 73 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 02 का निस्तारण तुरंत कराया गया। इस दौरान तहसील प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। तीनों तहसीलों में समाधान दिवस पर उमड़ी भीड़ ने एक बार फिर यह साबित किया कि जनता को अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद इसी मंच से है। कुल 132 शिकायतों में से 7 का मौके पर ही समाधान कर प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर समस्या का हल गुणवत्तापूर्ण तरीके से तय समय पर कराया जाएगा।

## जन्माष्टमी पर वायरल वीडियो से गाजियाबाद पुलिस में हड़कंप

**गाजियाबाद।** थाना मधुबन बापूधाम में तैनात सिपाही सोहेल खान का एक वीडियो जन्माष्टमी के मौके पर सोशल मीडिया पर वायरल होते ही बड़ा विवाद खड़ा हो गया। वीडियो में सिपाही मंदिर के अंदर खड़े नजर आते हैं और बैकग्राउंड में धार्मिक धुन बज रही होती है, जिसमें आवाज आती है अल्लाह ही है और कोई इबादत के लायक नहीं है। जैसे ही यह वीडियो वायरल हुआ, पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और हालात बिगड ? से पहले ही अधिकारियों ने सख्त कदम उठाते हुए सिपाही को तत्काल लाइन हाजिर कर दिया। गाजियाबाद जैसे संवेदनशील जिले में, जहां हर वर्ग और समुदाय के लोग रहते हैं, वहां धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली किसी भी हरकत को प्रशासन बेहद गंभीरता से लेता है। यही कारण रहा कि वीडियो सामने आते ही पुलिस प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की। अधिकारियों को आशंका थी कि इस वीडियो से सांप्रदायिक तनाव फैल सकता है और माहौल बिगड़ सकता है। पुलिस कमिश्नर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सिपाही सोहेल खान को लाइन हाजिर करने का आदेश दिया और पूरे प्रकरण की जांच बैठा दी। अधिकारियों ने साफ किया कि जांच में यह देखा जाएगा कि यह वीडियो किस उद्देश्य से बनाया गया था और क्या यह सिपाही की निजी गलती है या फिर इसके पीछे कोई और कारण छिपा है।

## महापौर ने 8.50 करोड़ रुपये की योजनाओं का किया शिलान्यास

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम की ओर से बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। सोमवार को महापौर सुनीता दयाल ने विजय नगर क्षेत्र और शहर के अन्य इलाकों में 8 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि शहर की सड़कों और नालों की स्थिति लंबे समय से जर्जर थी, जिस कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब इन कार्यों के पूरे होने के बाद लोगों को न केवल राहत मिलेगी बल्कि गाजियाबाद का चेहरा भी और अधिक स्वच्छ व आधुनिक दिखाई देगा। महापौर ने विशेष रूप से विजय नगर स्थित एनएच-9 से तिगरी गोलचक्कर तक ताज हाईवे की सर्विस रोड के डेंस द्रव सुधार एवं इंटरलॉक टाइल्स से पटरी निर्माण को शहर का महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट बताया। लगभग 7 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाली यह सड़क न केवल क्षेत्रीय निवासियों बल्कि शहर में आने-जाने वाले यात्रियों के लिए भी सुविधाजनक होगी। इसके साथ ही मेरठ रोड विकास



नगर और बजरिया मुख्य मार्ग पर भी सड़कों व नालों का निर्माण कराया जा रहा है, जिन पर क्रमशः 61 लाख और 72 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। महापौर ने कहा कि इन योजनाओं की अनुमति 15वें वित्त आयोग की निधि से प्रदान की गई है और निविदा प्रक्रिया पूरी कर कार्यों की शुरूआत कराई गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि निर्माण कार्य तय समय सीमा के भीतर पूरे कर जनता को समर्पित किए जाएंगे। उनके अनुसार, यह प्रयास जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किए जा रहे हैं ताकि किसी भी नागरिक को रास्तों की खराब स्थिति के कारण परेशानी न उठानी पड़े। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान पार्षद धीरेन्द्र यादव, पार्षद सुमनलता पाल, पार्षद पति वीर सिंह जाटव, देवेंद्र पाल, अजय कालरा, सहायक अभियंता श्याम सिंह, अवर अभियंता प्रीति बंसल, तेजेंद्र सिंह बत्रा, एसपी सिंह ओबरॉय, प्रेमलता कोर, सुरेंद्र पाल, पवन वर्मा, ललित कपूर, कुंज बिहारी और नितिन रावत समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। महापौर ने इस मौके पर कहा कि विकास कार्यों की रफ्तार और तेज होगी तथा गाजियाबाद को आने वाले समय में प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ शहरों की श्रेणी में शामिल करने की दिशा में नगर निगम पूरी मेहनत से काम करेगा।

## अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने चार थानों में किया औचक भ्रमण



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अपराध और कानून-व्यवस्था पर पैनी नजर बनाए रखने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद लगातार सख्त कदम उठा रहा है। सोमवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं कानून-व्यवस्था) आलोक प्रियदर्शी ने शहर के विभिन्न इलाकों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में बैंक, एटीएम और व्यापारिक प्रतिष्ठानों के बाहर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की गहन चेकिंग कराई और पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी के साथ आलोक प्रियदर्शी ने थाना विजयनगर क्षेत्र का दौरा किया। यहां संवेदनशील इलाकों में चेकिंग कराई गई। पुलिस टीम ने बैंक व एटीएम के बाहर खड़े वाहनों और संदिग्ध लोगों से गहन पूछताछ की। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने एसीपी वेवसिटी प्रियाश्री पाल के साथ थाना वेव सिटी क्षेत्र का भ्रमण किया। यहां भी बाजारों, प्रतिष्ठानों और एटीएम के बाहर पुलिस बल को सक्रिय किया गया। आलोक प्रियदर्शी ने साफ निर्देश दिए कि संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए और सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। अभियान के दौरान तीसरे चरण में उन्होंने अपर पुलिस उपायुक्त/एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा के साथ थाना सिहानी गेट क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान इलाके में संदिग्ध वाहनों की तलाशी और व्यक्तियों की चेकिंग कराई गई। एटीएम और बैंकों के आसपास मौजूद लोगों से भी पूछताछ की गई ताकि आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। वहीं कविनगर एसीपी भास्कर वर्मा के साथ थाना क्षेत्र का भी औचक निरीक्षण करते हुए अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने साफ कहा कि शहर की शांति और जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## अवैध कब्जे पर चला नगर निगम का बुलडोजर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम ने अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी और निर्णायक कार्रवाई करते हुए सोमवार को अर्थला क्षेत्र में निगम की भूमि पर बनी 12 दुकानों को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई नगर निगम संपत्ति विभाग द्वारा न्यायालय उपजिलाधिकारी गाजियाबाद के आदेश के तहत की गई। निगम ने बताया कि इन दुकानों को राधा कृष्ण मंदिर के पास खसरा संख्या 1064 की भूमि पर अवैध रूप से बनाया गया था। कार्रवाई के दौरान नगर निगम ने लगभग 200 वर्ग मीटर भूमि को कब्जा मुक्त कराया, जिसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी गई है। निगम अधिकारियों के मुताबिक, इस जमीन पर लंबे समय से अवैध कब्जा था



और इसकी शिकायतें लगातार मिल रही थीं। जोनल प्रभारी मोहन नगर आरपी सिंह और संपत्ति विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की। कार्यवाही में 12 में से आठ दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया, जबकि बाकी चार दुकानों पर ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया आज पूरी की जाएगी। इस दौरान बड़ी संख्या में निगम के कर्मचारी, संपत्ति अधीक्षक रामशंकर और पुलिस बल मौजूद रहा। अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव ने बताया कि महापौर और नगर आयुक्त के निर्देश पर शहरभर में निगम की भूमि को कब्जा मुक्त कराने का अभियान चल रहा है। इसी क्रम में अर्थला क्षेत्र में यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि अवैध कब्जा करने वालों पर 57 लाख रुपये का क्षतिपूर्ति जुमार्ना लगाया गया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह ने स्पष्ट किया कि शहरहित में यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जिन वार्डों में निगम की भूमि पर कब्जा है, वहां एक-एक करके सभी अवैध निर्माण हटाए जाएंगे और दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि अवैध कब्जे लंबे समय से परेशानी का कारण बने हुए थे। निगम की सख्त कार्रवाई से न केवल भूमि मुक्त हुई है बल्कि यह संदेश भी गया है कि अब गाजियाबाद में किसी को भी अवैध कब्जा करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

## राजनगर एक्सटेंशन बनेगा रजिस्ट्री का नया हब

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिलेवासियों के लिए राहत भरी खबर है। तहसील सदर क्षेत्र की संपत्ति की रजिस्ट्री का काम अब राजनगर एक्सटेंशन में होगा। इसके लिए तीन सब-रजिस्ट्रार कार्यालय और एआईजी स्टांप का कार्यालय तेजी से तैयार किया जा रहा है। निर्माण कार्य 50 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है और साल के अंत तक यहां रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। वर्तमान में तहसील सदर में पांच सब-रजिस्ट्रार कार्यालय और कलक्ट्रेट परिसर में एआईजी स्टांप का दफ्तर स्थित है। यहां अत्यधिक भीड़ और पार्किंग की सुविधा न होने के कारण लोगों को रजिस्ट्री कराने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वाहन खड़ा करने की जगह न होने से आसपास के गांधीनगर क्षेत्र के लोगों को भी परेशानी होती है। राजनगर एक्सटेंशन में बनाए जा रहे नए कार्यालय परिसर में पार्किंग, वेटिंग एरिया और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।



## महापौर ने लगाई अधिकारियों की क्लास, विजय नगर की गंगाजल लाइन में देरी पर जताई नाराजगी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर की मूलभूत सुविधाओं को लेकर महापौर सुनीता दयाल ने सोमवार को नगर निगम और जल निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में महापौर ने अधिकारियों की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सीवर कार्यों की जिम्मेदारी जल निगम की है, लेकिन अधिकारियों द्वारा इसकी निगरानी तक नहीं की जा रही है, जिससे नगर निगम को बाद में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बैठक में मौजूद जीएम जल के.पी. आनंद, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश कुमार, जल निगम अधिशासी अभियंता ब्रह्मानंद और अरुण प्रताप को महापौर ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि सीवर कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग जल निगम की जिम्मेदारी है, लेकिन अधिकारी इसमें लापरवाही बरत रहे हैं। महापौर ने कहा कि यदि अब भी सुधार नहीं हुआ तो कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। महापौर ने खासतौर पर विजय नगर क्षेत्र के लिए स्वीकृत 10 एमएलडी पेयजल लाइन के लंबित कार्य पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 17 करोड़ रुपये की लागत से इस योजना को पास किया गया था, लेकिन जल निगम की सुस्ती के चलते अब तक कार्य शुरू नहीं हुआ। इस देरी से विजय नगर के हजारों परिवारों को गंगाजल के संकट से जूझना पड़ रहा है। लंबी वार्ता के बाद बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अगले 10 दिनों के भीतर गंगाजल लाइन का शिलान्यास कराया जाएगा। महापौर ने कहा कि इस कार्य के शुरू होते ही विजय नगर में गंगाजल संकट का समाधान हो जाएगा।



## जीडीए के अपर सचिव प्रदीप सिंह को अचानक हार्ट अटैक, अस्पताल में भर्ती

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह को सोमवार दोपहर कार्यालय में कार्य करते समय अचानक दिल का दौरा पड़ा। घटना के बाद कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई और सहयोगियों ने तत्काल उन्हें नजदीकी यशोदा हॉस्पिटल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत आईसीयू में भर्ती कर लिया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उनकी देखभाल कर रही है। कार्यालय के कर्मचारियों के अनुसार, प्रदीप सिंह फाइलों का अवलोकन कर



रहे थे तभी उन्होंने अचानक सीने में तेज दर्द और घबराहट की शिकायत की। कुछ ही क्षणों में उनकी स्थिति बिगड़ गई, जिसके बाद सहयोगियों ने बिना समय गंवाए उन्हें अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल के डॉक्टरों ने पुष्टि की कि हार्ट अटैक काफी गंभीर अवस्था में आया था और अगले 48 घंटे उनके जीवन के लिए बेहद अहम होंगे। प्रदीप सिंह के बीमार पडे की खबर जैसे ही कार्यालय और प्रशासनिक हलकों में फैली, वहां सन्नाटा पसर गया। जीडीए दफ्तर में सहयोगी कर्मचारी और अधिकारी लगातार अस्पताल आकर उनका हाल जान रहे हैं। परिवारजन भी अस्पताल में मौजूद हैं और चिंतित होकर उनके स्वास्थ्य सुधार की प्रतीक्षा कर रहे हैं। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण शहर के विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम करता है और प्रदीप सिंह उसमें एक अहम भूमिका निभाते हैं।

## केनरा विद्या ज्योति योजना के तहत अनुसूचित जाति व जनजाति की मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई

वेलकम इंडिया

**गाजियबाद।** केनरा बैंक द्वारा को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर केनरा विद्या ज्योति योजना के तहत अनुसूचित जाति व जनजाति की मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। केनरा बैंक की इस योजना के तहत सरकारी स्कूलों की 138 छात्राओं को लाभांवित किया गया। कक्षा 5 से 7 तक की छात्राओं को 3000 रुपए व कक्षा 8 से 10 की छात्राओं को 5000 रुपए प्रति छात्रा प्रदान किए गए। कार्यक्रम का आयोजन केनरा बैंक के रुडसेटी प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया। इससुअवसर पर डासना ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान श्रीमती रीना रानी मुख्य अतिथि के रूप में व केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के पदाधिकारियों में सहायक महाप्रबंधक श्री वाईजीबी गणेश, मंडल प्रबंधक



श्री मुकेश कुमार व वित्तीय समावेशन अनुभाग की प्रभारी श्रीमती नेहा मित्रा व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के स्वागत के साथ सहायक महाप्रबंधक श्री वाईजीबी गणेशने कहा कि केनरा बैंक वित्तीय समावेशन के जरिए आमजन तक बैंकिंग सुविधा पहुंचाकर देश की आर्थिक प्रगति में अपना योजदान दे रहा है। ग्राहक सेवा ही हमारे बैंक का मूल मंत्र है। केनरा बैंक कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) का निर्वहन करने में हमेशा से ही अग्रणी रहा है और आगे भी रहेगा।

